आदरणीय लालू जी, कोल और ऐश हैंडलिंग वर्कर्स पहले लोकोमेटिव में काम करते थे। रेलवे में माडर्नाइजेशन हो गया जिसका हमने स्वागत किया। लेकिन कोल और ऐश हैंडलिंग वर्कर्स को नौकरी से हटा दिया गया। वे बहुत गरीब और पिछड़े वर्ग के हैं। इस बारे में हमने लालू जी से बात की थी। हमारे नेता बसुदेव आचार्य के साथ हम लोग 100 बार लालू जी के पास गये। लालू जी ने हमें पत्र लिखा कि हमने इस बारे में सोच विचार कर देखा है । इन सारे लोगों को इंडियन रेलवे में नौकरी मिलेगी। यह बात वर्ा 2004 की है। अब वर्ा 2007 चल रहा है लेकिन इस बारे में कुछ नहीं हुआ। अब ये लोग कहां जायेंगे क्योंकि इनके पास जीने के लिए कोई रास्ता नहीं है। वे आत्महत्या करेंगे। लालू जी के वायदे के बाद भी उन लोगों को नौकरी नहीं मिली। रेलवे बोर्ड का इस बारे में क्या विचार है? ये लोग मंत्री जी की इमेज खराब कर रहे हैं। इनके बारे में अगर रेलवे मंत्रालय नहीं सोचेगा, तो और कौन सोचेगा?

मैंने लालू जी से कहा कि भारत में इनके बारे में आप नहीं सोचेंगे, तो गरीब के लिए कौन सोचेगा? आप गरीब रथ चलाते हैं और गरीब को मारते हैं। गरीब रथ चालू हुआ लेकिन गरीब मर गया। यह क्या बात है? इस बारे में आपको सोचना चाहिए।

रेलवे में जो कुछ हो रहा है, उसका क्या नतीजा हुआ, वह मैं आपको बताना चाहता हूं। वर्ा 1996-97 से वर्ा 2007 तक रेलवे में जो ग्रोथ इन ट्रैफिक हुआ। लेकिन उसके आधार पर इम्प्लायमैंट नहीं हुआ। ग्रुप ए और बी आफिसर्स का तो इम्प्लायमैंट हुआ लेकिन बेचारे ग्रुप सी और डी के लोग मारे गये। ग्रुप सी और डी के लोगों का कोई इम्प्लायमैंट नहीं हुआ। उनकी संख्या घट गयी है। जो लोग मध्यम वर्गीय है, उन लोगों को नौकरी नहीं मिल रही। जब वे लोग नौकरी से रिटायर्ड हो जाते हैं तो पब्लिक सैक्टर में भी उन्हें नौकरी नहीं मिलती। हमारा कहना है कि ग्रुप ए और बी केटेगिरी में आफिसर्स की संख्या बहुत है लेकिन ग्रुप सी और डी केटेगिरी की संख्या घटकर बहुत नीचे चली गयी है।

आप बोलते हैं कि 14 लाख रेलवे कर्मचारियों के बलिदान से मेरे नेतृत्व में रेलवे का विकास तीव्र गति से हो रहा है। इन 14 लाख कर्मचारियों का पसीना निकालकर आपने सफलता तो ले ली, लेकिन उनका बलिदान हो रहा है। मैं बहुत दुख के साथ कहना चाहता हूं कि पीपीपी के नाम ऐसा नहीं करना चाहिए। पहले रेलवे में कोयले का जो लोकोमोटिव था, उसमें गार्ड पीछे रहता था। वे ग्रीन फ्लैग, रेड

फ्लैग झुकाते थे और पीपीपी करके गाड़ी चलनी शुरू हो जाती थी। अभी पीपीपी यानी पब्लिक प्राइवेट पार्टीसिपेशन। यह क्या है? इसी तरह आईआरसीटीसी क्या है? पहले आईआरसीटीसी रेलवे का माडर्नाइजेशन और अपग्रेडेशन करने के लिए किया गया। लेकिन अब आईआरसीटीसी यह है कि सभी काम प्राइवेट कांट्रेक्टर्स को दे दो। इलैक्ट्रिकल, मैकेनिकल, टेलीकम्युनिकेशन, सिग्नल्स, कोचेज, वैगन्स, स्टेशन, ट्रेनिंग रिटायरिंग रूम, ट्रेनिंग आदि सभी काम पीपीपी को दे दो। यह क्या बात है? ये सारे काम सही नहीं हैं क्योंकि इससे विरोध का वातावरण पैदा होता है। रेलवे मजदूर और रेलवे अथारिटी के बीच एक विरोध का वातावरण तैयार हुआ।

17.00 hrs.

इससे यह विरोध का वातावरण तैयार हुआ है। मैं चेतावनी देना चाहता हूं कि अगर आप लोग इस पीपीपी के रास्ते से नहीं हटेंगे तो वह दिन दूर नहीं है जब भारत के रेलवे मजदूर कर्मचारी मजबूर होकर संर्घा करेंगे। यह सब मानने के लिए रेलवे मजदूर तैयार नहीं है, मैं यह चेतावनी देना चाहता हूं। मैं इन सारी बातों को कैसे बताऊं और नसीब ही खराब है कि रेलवे को 20,000 करोड़ रूपए का कैश सरप्लस प्राप्त होता है और सारा काम - सिविल, इलेक्ट्रिकल, मेकैनिकल, टेलीकम्युनिकेशन, सभी प्राइवेट कांट्रैक्टर्स को दे दिया। रेलवे में यह क्या चल रहा है? एशिया का सबसे बड़ा गुड्स शेड, वाडी बन्दर गुड्स शेड बन्द हो गया। क्यों बन्द हुआ, क्योंकि कोई ट्रैफिक नहीं है, कोई गुड्स बुकिंग नहीं है। ट्रैफिक क्यों नहीं है? अभी एक बहाना मिल गया है कि वहां सीमेंट को रखना ठीक नहीं है क्योंकि उससे पर्यावरण पर असर पड़ता है। इससे सारा ट्रैफिक रोड की ओर डाइवर्ट हो जाता है। इसमें बहुत चालाकी है कि इन्वायरनमेंट के नाम पर सारा ट्रैफिक डाइवर्ट होकर रोड पर चला जाता है। लोग कहते हैं कि इससे पर्यावरण दूाित हो जाएगा। पहले पैसेंजर और मेल ट्रेन्स में, इंजन के पीछे और गार्ड के रूम के आगे दो पार्सल वैन होते थे। अब सारे पार्सल वैन का काम रेलवे ने छोड़ दिया है। रेलवे मजदूर कर्मचारियों का क्या होगा? उनकी बात सुनने के लिए कोई तैयार नहीं है। अब सारे कामों की आउटसोर्सिंग हो रही है और कंटेनर कारपोरेशन और आईआरसीटीसी को सामने रखकर सारा काम हो रहा है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री अनिल बसु : उपाध्यक्ष महोदय, आप मुझे बहुत प्यार करते हैं, इसलिए मुझे बोलने के लिए थोड़ा समय दीजिए।

उपाध्यक्ष महोदय : क्या करूं, मेरी मजबूरी है। आपकी पार्टी से अभी अन्य आठ सदस्यों को बोलना है।

श्री अनिल बसु : उपाध्यक्ष महोदय, रेलवे का प्रिंटिंग प्रेस, रेलवे का प्रिंटिंग सेन्टर बन्द हो गया, ईस्टर्न रेलवे और वेस्टर्न रेलवे के प्रिंटिंग प्रेस बन्द हो गए क्योंकि वहां प्रिंटिंग नहीं होती है। अधिकारी लोग प्रिंटिंग का आर्डर नहीं देते हैं। इसका कारण यही पीपीपी है। सारे अधिकारियों को पता है कि प्रेस में कुछ मत दो, आउटसोर्सिंग करके बाहर दे दो। वेस्टर्न रेलवे, सेन्ट्रल रेलवे के बहुत अच्छे प्रिंटिंग प्रेस बन्द हो गए। ऐसे नहीं चलेगा। ये सारे कामकाज ऐसे ही हो रहे हैं। मैं आदरणीय लालू जी से बड़ी विनम्रता से कहना चाहूंगा कि जिन गरीब आदमियों का वोट लेकर यूपीए सरकार गठित हुई, उसी गरीब के खिलाफ काम हो रहा है। इसका परिणाम यही होगा कि गरीब का समर्थन दूसरे रास्ते पर चला जाएगा और जो साम्प्रदायिक शक्तियां हैं, वे इसका लाभ उठाएंगी। रेलवे देश को जोड़ता है, लेकिन आज रेलवे देश को तोड़ भी रहा है। यह समझ लीजिए कि आदरणीय गिरधारी, भारतीय रेलवे का गिरिधर जिसने गिरि को धारण किया है, आदरणीय लालू जी से मेरा विनम्र निवेदन है कि आप देखिए कि रेलवे बोर्ड में अधिकारी आपको घेरे हुए हैं जिसकी वजह से आपकी नजर नीचे तक नहीं जा पा रही है। थोड़ा नीचे तक नजर डालिए और जो नहीं करना चाहिए, उसे मत कीजिए, नहीं तो अन्तिम परिणाम अच्छा नहीं होगा। हम लोग लालू जी की प्रशंसा करते हैं और जो सफलता मिली है, वह सराहनीय है। भारतीय रेल को विश्व के दरबार में पहुंचाने का काम लालू जी ने[R45] ही किया है। एनडीए सरकार के समय में छः रेल बजट पेश हुए थे, लेकिन उस दौरान कोई काम नहीं हुआ था। विश्व में भारतीय रेल को अलग मुकाम तक पहुंचाने के लिए हम लालू जी के आभारी हैं और वह धन्यवाद के पात्र हैं।

मैं पुनः इस रेल बजट का समर्थन करता हूं और साथ ही अपनी बात को समाप्त करता हूं।

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: He has spoken without my permission. Nothing should go on record.

*(Interruptions) ...**

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not speak without my permission. Do not take away my right.

---

* Not recorded

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे रेल बजट पर बोलने की अनुमति दी। मान्य वर, मैं शुरू करूं, उससे पहले मैं बसु जी को अपनी ओर से हार्दिक बधाई देना चाहता हूं कि उनकी मदर टंग हिन्दी न होते हुए भी सम्भवतः पहली बार उन्होंने हिन्दी में भााण दिया। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

लालू जी ने चौथी बार रेल बजट पेश किया है। हम सब जानते हैं कि भारतीय रेल देश का सबसे बड़ा पब्लिक सेक्टर का प्रतिठान रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि जहां भारतीय रेल घाटे में चल रही थी, अब उसे 20,000 करोड़ रुपए फायदे में लाने का काम उन्होंने किया है, यह एक ऐतिहासिक काम है। विरोध हो सकता है, हमारे एनडीए के साथ विरोध कर सकते हैं, लेकिन जो अच्छा काम हुआ है, उसकी तारीफ सबको करनी चाहिए। लालू जी द्वारा पेश किए गए चारों रेल बजट्स की उल्लेखनीय बात यह रही है कि इनमें किराए के रूप में एक पैसा भी नहीं बढ़ाया गया, बल्कि कम किया गया है। कई जगह गरीब रथ नाम से वातानुकूलित रेलगाड़ी चलाई गई। आम आदमी कभी ए.सी. ट्रेन में सफर करने की सोच भी नहीं सकता था, लेकिन आज वह भी ए.सी. ट्रेन में सफर करने लगा है।

एक बात और जो महत्वपूर्ण है, वह यह है कि लालू जी का विजन अर्थात दृटिकोण बहुत व्यापक है। मैं भारतीय रेलवे की तुलना यूरोप से या अमेरिका से नहीं करना चाहता हूं, लेकिन हमारा पड़ौसी देश चीन है। चीन से आज हमारी प्रतिस्पर्धा भी है। चीन की जीडीपी दस प्रतिशत के साथ बढ़ रही है और हमारे यहां भी जीडीपी 9.2 प्रतिशत इस साल होने की उम्मीद है। मैं लालू जी, वेलू जी, राठवा जी और रेल वे बोर्ड के चेयरमैन से चाहूंगा कि वे देखें कि चीन में बुलेट ट्रेन 250-300 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही है। हमने अपने देश में पहले कोलकाता में और अब दिल्ली में मेट्रो ट्रेन शुरू की। अगर हम भारतीय रेलगाड़ियों की गति पर गौर करें, तो 1967 में राजधानी एक्सप्रेस की स्पीड 130 किलोमीटर प्रति घंटा थी, आज 2007 में भी कमोबेश वही गति है। जबकि चीन ने अपने यहां बुलेट ट्रेन की स्पीड 250-300 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलाई है। मैं रेल मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि कम से एक-दो ट्रेन दिल्ली से हावड़ा, मुम्बई आदि जगहों के लिए, भले ही लगातार न चला सकें, लेकिन उनकी गति 250-300 किलोमीटर प्रति घंटे के दायर में रखकर चलाने का काम करें। जिससे यह लगे कि हम किसी मामले में चीन से कम नहीं हैं। चीन से प्रतिस्पर्धा करनी है और भारत को दुनिया में नम्बर एक पर ले जाना है, जैसा कि माननीय राट्रपति जी ने कहा है तो मान्यवर, मैं चाहूंगा कि आप इस पर विचार करें और अगले बजट में यह दिखाने का काम करें कि भारत में भी इस दृटि से काम हो रहा है। माननीय लालू जी ने दो नये कोरीडोर माल गाड़ियों के लिए बनाने का काम किया है लेकिन बजट में यह नहीं कहा है कि ये कब तक बनकर तैयार हो जाएंगे। हमारी रेल की ज्यादातर आमदनी माल की ढुलाई से होती है जो लगभग 65 प्र ातिशत है। जैसा अभी हमारे एक माननीय सदस्य ने कहा कि हमारी माल गाड़ी की स्पीड 25 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक नहीं होती है जिससे जो पैरीशेबल गुड्स हैं जिनको गंतव्य तक पहुंचने में कई दिन लग जाते हैं, उनके मालिक रेल से अपना सामान नहीं ले जाते हैं वे रोड से ले जाते हैं। हमारी प्रतिस्पर्धा रोड ट्रांसपोर्ट से है। रोड ट्रांसपोर्ट दो-तीन दिन में वह सामान पहुंचा देते हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि जो कुछ हम यहां बोल रहे हैं, उसको माननीय वेलू जी, माननीय राठवा जी और रेलवे बोर्ड के अधिकारी माननीय लालू प्रसाद जी तक पहुंचाने की कृपा करें, जिससे हमारी बातों पर अमल हो सके। खाली सांसद यहां पर बोलकर चले जाएं और उन बातों पर अमल न हो तो हमारे बोलने का कोई औचित्य नहीं रहता है।

जहां तक रेल में खान-पान का सवाल है तो वही रोटी, दाल, चावल और सब्जी और वह भी ठंडी मिलती है। खान-पान की व्य वस्था में रेलवे में कोई सुधार नहीं हुआ है। मैं 50 वर्ों से रेल में यात्रा कर रहा हूं। नाश्ते में ब्रेड और आमलेट देते हैं। जब जमाना बदल रहा है तो आपको भी बदलना चाहिए। आप हवाई-जहाज से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं तो वैसा खाना भी दीजिए। आप डोसा और इडली स्पलाई क्यों नहीं

कर सकते। ऐसी बातें क्यों नहीं करते हैं जिससे आपकी प्रतिठा बढ़े। आपके एक नम्बर के प्लेटफार्म ज्यादा अच्छे हैं लेकिन दो नम्बर और तीन नम्बर के प्लेटफार्म्स आज भी उपेक्षित हैं और पैसेंजर्स को वहां पर खान-पान की सुविधा ठीक नहीं है। आप सैकिंड-फेज में दो-तीन नम्बर के प्लेटफार्म्स पर खान-पान की अच्छी व्यवस्था करने की कृपा करें।

रेलवे इंक्वायरी की जहां तक बात है, पहले तो उसका फोन नम्बर मिलता ही नहीं है अगर मिलता है तो कहते हैं कि रेल टाइम पर है, 10 बजकर 20 मिनट पर आयेगी। लेकिन जब आप स्टेशन पर पहुंचते हैं तो पता चलता है रेल का कोई अता-पता नहीं है। आप रेल के ड्राइवर को क्यों नहीं मोबाइल फोन और रेडियो फोन की सुविधा देते हैं जिससे मुसाफिरों को पता चल जाए कि गाड़ी स्टेशन पर कितने बजे आयेगी। इतनी तरक्की होने के बाद भी मुसाफिर अंधेरे में रहते हैं। हम जब भी इंक्वायरी पर फोन करते हैं तो कहते हैं कि रेल टाइम पर है लेकिन स्टेशन जाने पर गाड़ी का अता-पता नहीं होता है, इंक्वायरी से बार-बार पूछते रहिये।[r46]

महोदय, इंक्वायरी में पूछने पर कोई बताता नहीं है कि रेल कहां है और स्टेशन पर कब तक पहुंचेगी।

उपाध्यक्ष महोदय : धन्यवाद, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री रेवती रमन सिंह : महोदय, मैं शालीनता से बोल रहा हूं और आप मुझे धन्यवाद कह रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : आप पिछले 10 मिनट से बोल रहे हैं। आप अपनी बात जल्दी समाप्त कीजिए।

श्री रेवती रमन सिंह : महोदय, मैं एक सुझाव और देना चाहता हूं। हमारे रेल मंत्री और रेल राज्य मंत्री कृपया स्टेशंस पर बने वेटिंग रूम्स और शौचालयों में जा कर देखें, वहां स्वच्छता और सफाई शायद ही कभी होती हो। आज 21वीं सदी की तरफ देश जा रहा है, फिर भी स्वच्छता का अभाव है। रेलवे के टेक्निकल अपग्रेडेशन की भी बहुत जरूरत है। माननीय रेल मंत्री जी ने कहा है कि रेल के डिब्बों को हल्का बनाएंगे। माल गाड़ियों को ऊंचा किया जाएगा। इनको फेज आउट करके कोई प्रोग्राम बजट में नहीं दिखाया गया है कि ये नए डिब्बे जो हल्के होंगे, कब तक बनाए जाएंगे। लोहे के डिब्बे अंग्रेजों ने बनाए थे। उन्हें इंगलैंड का लोहा खपाना था। उन्होंने इतने भारी-भारी डिब्बे बना दिए, जिनके वजन से गाड़ी की स्पीड तेज नहीं हो पाती है। नए किस्म के अपग्रेडेशन वाले डिब्बे कब बनकर आएंगे, इसका ब्यौरा भी इस बजट में देना चाहिए था।

मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आज शहरों में बहुत बड़ी समस्या यह है कि जहां इनके फाटक शहर के बीच में हैं, खास कर उत्तर प्रदेश में और इलाहाबाद, जहां से मैं आता हूं, वहां इन्होंने कोई काम नहीं किया है। मैं माननीय रेल मंत्री जी से भी मिला और मैं इलाहाबाद का उदाहरण देना चाहता हूं। बोर्ड के चेयरमैन से भी मैं मिला और कहा कि आपकी दो लाइनें आती हैं - एक नार्दन रेलवे और दूसरी नार्थ ईस्टर्न रेलवे। एक नीचे से है और दूसरी ऊपर से निकलती है। उसके लिए हमने तीन विकल्प दिए। हमने कहा कि ऊपर से ओवर ब्रिज बना दीजिए, उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है। मैंने कहा कि अगर नार्थ ईस्टर्न रेलवे की लाइन ऊंची कर दी जाए, तो ऊपर से ट्रेन पास हो जाएगी और नीचे से गाड़ियां निकल जाएंगी। वहां रामबाग में बहुत जाम लगता है। वहां पौने घंटे से एक घंटे का जाम लगता है। इस तरफ ध्यान देने के लिए न तो चेयरमैन साहब को समय मिला और न मैम्बर इंजीनिरिंग को समय मिला। कोई जाने को तैयार नहीं है और कहा गया कि यह असम्भव काम है। मैं सुखबीर सिंह, जनरल मैनेजर, नार्थ ईस्टर्न रेलवे को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने हमारे कहने से रेलवे का फाटक चौड़ा करवाने का काम प्रारम्भ करवा दिया। मैं आप लोगों को इन्वाइट करता हूं। अभी कुम्भ मेला था। साढ़े पांच करोड़ लोगों ने गंगा स्नान किया। आप लोगों को समय नहीं मिला कि वहां लोगों की क्या तकलीफें हैं, उन्हें देख सकें। मैं आपको वहां बुलाता हूं कि आप रेलवे बोर्ड चेयरमैन को लेकर आएं और समस्या का निदान करने का काम करें।

इसके साथ मैं सदन का ध्यान इस तरफ भी आकर्ति करना चाहता हूं कि इलाहाबाद ने देश को पांच प्रधानमंत्री दिए हैं। दुनिया में शायद ही ऐसा कोई शहर हो, अमरीका से इंगलैंड तक और यूरोप से एशिया तक आप देख लीजिए, मैंने आग्रह किया कि एक शताब्दी ट्रेन चला दीजिए, लेकिन रेलवे बोर्ड इसके लिए तैयार नहीं है। मैंने प्रस्ताव किया कि आपका ग्रैंड कार्ड चोक हो गया है। अगर आप बनारस से रायबरेली होते हुए, लखनऊ होते हुए डबल लाइन करवा दीजिए, तो आपकी बहुत सी ट्रेनें उस पर चल सकती हैं।मैं अपनी ओर से निमंत्रण देता हूं कि ये लोग इलाहाबाद आएं और मुझे बताकर आएं। इसी के साथ मैंने रेलवे को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए हैं, कृपया उन पर अमल करें और आप कुछ करें तो उसकी सूचना माननीय सदस्यों को देने का काम करें।

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : राठवा जी, आप कुछ कहना चाहते हैं।

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नारनभाई रठवा): मैं आपके माध्यम से सदन को यह बताना चाहता हूं कि रेल बजट के बारे में बहुत से सदस्य बोलने वाले हैं। आज हाउस देर रात तक चलेगा इसलिए सब माननीय सदस्यों और पार्लियामेंटरी स्टाफ के लिए खाने का इंतजाम किया गया है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, nothing will go on record.

*(Interruptions) ...**

MR. DEPUTY-SPEAKER: Before I request Shri Ram Kripal Yadav to speak, I would like to make a request. I have a very long list; there are 80 Members who want to speak. Those hon. Members who want to lay their written speeches on the table of the House, can do so; they will form part of the proceedings. इसके साथ मैं यह भी कहूंगा कि अगर आप ब्रीफ में बोल कर सकें तो अच्छा होगा नहीं तो रात के दो बज जाएंगे। Now I request Shri Ram Kripal Yadav jito speak. Please be brief.

***Not recorded**

gÉÉÒ ®ÉàÉ BÉßE{ÉÉãÉ ªÉÉn´É ({É]xÉÉ): àÉé +ÉÉ{ÉBÉEÉ +ÉÉ£ÉÉ® BªÉBÉDiÉ BÉE®iÉÉ cÚÆ ÉÊBÉE +ÉÉ{ÉxÉä àÉÖZÉä ®äãÉ ¤ÉVÉ] BÉEÉÒ SÉSÉÉÇ àÉå £ÉÉMÉ ãÉäxÉä BÉEÉ +É´ÉºÉ® ÉÊnªÉÉ cè* àÉé ÉÊxÉ´ÉänxÉ BÉE®iÉÉ cÚÆ ÉÊBÉE lÉÉä½ÉÒ BÉßE{ÉÉ BÉE®åMÉä +ÉÉè® BÉÖEU VªÉÉnÉ ºÉàÉªÉ nåMÉä* +ÉÉ{É àÉÖZÉä ¤ÉÉÒSÉ àÉå <x]®{] xÉcÉÓ BÉE®åMÉä iÉÉä ¤ÉcÖiÉ BÉßE{ÉÉ cÉäMÉÉÒ*

उपाध्यक्ष महोदय : राम कृपाल जी, इस तरह से तो रात के दो बज जाएंगे। आपके लिए दस मिनट का समय है।

श्री राम कृपाल यादव : उपाध्यक्ष महोदय, रेल बजट 2007-08 माननीय रेल मंत्री, श्री लालू प्रसाद द्वारा प्रस्तुत किया गया है, मैं उसके समर्थन में खड़ा हुआ हूं। मैं माननीय रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने लगातार चौथी बार रेल बजट प्रस्तुत किया है। उन्होंने पहले रेल बजट से चौथे रेल बजट तक सबका ख्याल रखा है। उन्होंने आम लोगों का ख्याल रखा है, हर तबके का और छोटे-बड़े सब लोगों का ख्याल रखाहै। इसमें चाहे यातायात से जुड़े हुए लोग हैं, गांव में खेत-खलिहान में काम करने वाले लोग हैं, बड़े व्यापारी या सम्पन्न लोग हैं, उन्होंने हर वर्ग के लोगों को सहूलियत देने का भरपूर प्रयास किया है, पूरी कोशिश की है। यह ऐतिहासिक बजट है। आजादी के बाद से आज तक इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ है कि किसी रेल मंत्री ने घाटे का बजट प्रस्तुत न किया हो, जो भी मंत्री आते थे वे घाटे का बजट जरूर प्रस्तुत किया करते थे, माल भाड़े और यात्री भाड़े में वृद्धि किया करते थे। जैसा वे हर बार कहते हैं कि मेरे 14,00,000 सहयोगी,

कर्मचारी, अधिकारी और पदाधिकारी और हम सब लोगों के सहयोग से सिर्फ लालू प्रसाद यादव जी ने अपनी कार्यक्षमता से इस कार्य को सरजमीं पर उतारा है और मुनाफे का बजट पेश किया है। यहां तक कि मुनाफे को 20,000 करोड़ रुपए तक पहुंचाने का काम किया है। [r47]

यह सब उन्होंने रेल यात्रियों और व्यापारियों पर कोई अलग से कर लगाकर नहीं किया है। यहां तक कि उन्होंने रेल टिकट में बढ़ोतरी न करके, उसे कम करने का काम किया है और लोगों को सहूलियत देने का काम किया है। यदि काम करने की लगन हो, आम लोगों की सोच हो, तो निश्चित तौर पर प्रयास का प्रतिफल मिलता है। श्री लालू प्रसाद यादव चूंकि आम लोगों के बीच से आये हैं, वह गांव और गरीब घर से आये हैं, उन्होंने उनकी वेदना देखी है और जो उनकी कार्य क्षमता और कुशलता है, उसके आधार पर उन्होंने इस सारे कार्य को अंजाम देने का काम किया है।

उपाध्यक्ष महोदय, मुझे याद है, जब वह पहली बार बिहार के मुख्य मंत्री बने थे तो लोगों ने उन्हें गांव का एक किसान और आम लोगों के बीच का आदमी समझकर हंसी उड़ाने का काम किया था। मुझे याद है, यहां भी जब उन्होंने रेल मंत्री के रूप में शपथ ली थी तो लोगों ने कहा कि लालू प्रसाद यादव जी रेल मंत्री बने हैं, अब रेल का सत्यानाश हो जायेगा। मगर आम व्यक्ति की सोच रखने वाले और आम व्यक्ति को चाहने वाले लालू प्रसाद यादव जी ने अपनी कर्मठता, ईमानदारी से यह प्रतिफल दिया है। इसी रेल का पूर्ववर्ती सरकार ने प्राइवेटाइजेशन करने का मन बना लिया था और राकेश मोहन कमेटी की अनुशंसा को लागू करने की बात कही थी और लोग रेल से बिल्कुल निराश हो चुके थे। आज वही यू.पी.ए. के रेल मंत्री, श्री लालू प्रसाद यादव जी ने अपनी क्षमता और कार्यकुशलता के बल पर और 14 लाख अधिकारियों, कर्मचारियों के सहयोग से दृढ़ प्रतिज्ञा के साथ उन्होंने वह काम करके दिखाया कि जो रेल बिल्कुल सूखी हुई गाय के समान थी, आज दुधारू गाय के रूप में सामने आई है, जिसे जितना दुहो उतना ही फायदा देने का काम कर रही है। अपने विवेक और बुद्धि से रेल मंत्री जी ने रेलवे को मुनाफा कमाने वाले विभाग के रूप में परिवर्तित कर दिया। इसके अलावा वह क्षमता रखते हैं और कहते हैं कि हम सरकार से कुछ नहीं लेंगे, बल्कि हम सरकार को कुछ देने का काम करेंगे। आम लोगों को सुविधा देते हुए, विकास करते हुए, उन्होंने यह सब किया और इस कार्य को आपने भी देखने का काम किया है। निश्चित तौर पर हम सब लोगों ने इसका एहसास किया है। इनके रेल बजट पर देश के 98 परसैन्ट लोगों ने अपनी सहमति व्यक्त की है और आभार व्यक्त किया है। सब तबके के लोगों ने इस पर खुशी जाहिर की है और इस बजट को अप्रूव किया है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के मेरे मित्र पता नहीं हॉल से निकलने के बाद कुछ और कहते हैं और हॉल के अंदर कुछ और कहते हैं। सिर्फ एक नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी और एन.डी.ए. के 20 से 25 मित्रों ने मुझे और उससे भी अधिक श्री लालू प्रसाद यादव जी को शाबासी देने का काम किया है। देश में डेमोक्रेसी है, आप प्रतिपक्ष में हैं, ठीक है। आप यदि प्रतिपक्ष में हैं तो प्रतिपक्ष की भूमिका निभाओ। हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन जो काम अच्छा लगता है, उसे अच्छा कहो, जो अच्छा काम करता है, उसे अच्छा कहो, प्रोत्साहित करो। लेकिन हर काम को अपने नजरिये से मत देखो।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं उदाहरण देना चाहता हूं। हमारे एन.डी.ए. के मित्र माननीय रेल मंत्री और यू.पी.ए. के बारे में बहुत कुछ कह रहे थे। मैं रेल दुर्घटनाओं के बारे में कुछ आंकड़े प्रस्तुत करना चाहता हूं। रेल मंत्री जी ने अपनी कार्य क्षमता से जो नतीजा दिखाया है, उसके संदर्भ में तथा यू.पी.ए. की सरकार ने क्या किया है और एन.डी.ए. की सरकार ने क्या किया है, इसके बारे में मैं कुछ कहना चाहता हूं। 2001-2002 में जब एन.डी..ए. की सरकार थी, कुछ सदस्य यहां दुर्घटनाओं की चर्चा कर रहे थे कि कुल 415 दुर्घटनाएं हुई थीं। 2002-2003 में 351 दुर्घटनाएं हुई थीं। 2003-2004 में 325 दुर्घटनाएं हुई थीं। 2004-2005 में 234 दुर्घटनाएं हुई थीं। आप मुझे माफ करें, 2001-2002 में जो 415 दुर्घटनाएं हुई थीं, वे एन.डी.ए. सरकार के समय में हुई थीं। यू.पी.ए. की सरकार में माननीय लालू प्रसाद यादव जी रेल मंत्री हैं, उनके समय में 2004-2005 में मात्र 234 दुर्घटनाएं हुईं। 415 इनके समय में हुई थीं, 2002-2003 में 351 और 2005-2006 में 234 दुर्घटनाएं हुईं[MSOffice48]।

वर्ा 2005-2006 में 234, वर्ा 2003-2004 में 325 और वर्ा 2006-2007 में 182 दुर्घटनाएं हुईं। एनडीए सरकार के तीन साल के दौरान 1051 दुर्घटनाएं हुईं जबकि यूपीए की सरकार में टोटल दुर्घटनाएं 650 हुईं। एनडीए सरकार के कार्यकाल में हुई दुर्घटनाओं की तुलना में लगभग आधी हुईं। पता नहीं आप कहां से आंकड़ा प्रस्तुत कर रहे थे? आप अपने गिरेवान में झांकिए।

श्री खारबेल स्वाईं (बालासोर) : यह जो17,000 करोड़ रुपयाट्रैक रिन्यूअल के लिए दिया गया था,...(व्यवधान)

श्री राम कृपाल यादव : आप बैठ जाइए। आपके समय में मैंने बीच में नहीं बोला था। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record except the speech of Shri Ram Kripal Yadav.

*(Interruptions) ...**

श्री राम कृपाल यादव : महोदय, धनराशि जो हमने अर्जित की है, वह भी मैं यहां बताना चाहता हूं कि इनकी सरकार ने कितनी धनराशि अर्जित की है। एन.डी.ए. के तीन साल के शासन में 10,646 करोड़ रुपया अर्जित किया गया जबकि हमने तीन साल में 30,286 करोड़ रुपया अर्जित करके दिखाने का काम किया है और यह लालू प्रसाद जी के बारे में इतिहास में लिखा जाएगा। यह एनडीए की सरकार है और यह यूपीए की सरकार है। ये आपके नीतीश कुमार जी हैं जो अब बिहार के मुख्य मंत्री हैं और पूर्व रेल मंत्री थे और ये लालू प्रसाद जी हैं। यह कार्य-कुशलता का ही बल है और कर्मठता और ईमानदारी का ही प्रतिफल है।

मैं आपको एक और आंकड़ा देना चाहता हूं। एन.डी.ए. की सरकार में जो माल ढुलाई हुई, उसकी भी एक झलक मैं आपको यहां देना चाहता हूं। एनडीए के समय में 15,668.36 मीट्रिक टन माल की ढुलाई की गई। लेकिन यूपीए की सरकार के समय में उसे बढ़ाकर माननीय रेल मंत्री जी के नेतृत्व में 1995 मैट्रिक टन माल की ढुलाई की गई। इनका 1568 मैट्रिक टन रहा और हमारा 1995 मैट्रिक टन हुआ जबकि वही कर्मचारी हैं, वही अधिकारी हैं लेकिन कार्य क्षमता बढ़ गई है। 500 मैट्रिक टन तीन साल के अंदर हमने बढ़ाने का हमने काम किया है।

जो हमने पैसेंजर की ढुलाई की है, वह भी मैं यहां बताना चाहता हूं। पैसेंजर ढुलाई इन्होंने अपने कार्यकाल में 15,420 मिलियन की थी जबकि वही सब कुछ रहते हुए क्योंकि लोगों की वर्तमान रेलवे में

---

* Not recorded

आस्था बढ़ी है, इसलिए हमारी सरकार ने तीन साल में 17,550 मिलियन पैसेंजर ढुलाई करने का काम किया है और यात्री सुविधा बढ़ाई है। भारतीय रेलवे के प्रति लोगों की आस्था बढ़ी है। पहले लोग समझते थे कि हम रेलवे से जाएंगे तो हम दुर्धटनाग्रस्त हो जाएंगे। लेकिन अब लोगों का भारतीय रेल के प्रति विश्वास बढ़ा है और लोग ज्यादा रेल यात्रा कर रहे हैं क्योंकि वर्क कल्चर में परिवर्तन हुआ है। काम करने का जो स्वरूप, लगन, क्षमता और संस्कृति है, उसमें नजरिया बदला है और इसी कारण से यह परिवर्तन हुआ है। लेकिन ये लोग कहते हैं कि आंकड़ों का खेल है। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि यह आंकड़ों का खेल नहीं है। मैं चुनौती देना चाहता हूं कि अगर यह आंकड़ा गलत हुआ तो निश्चित तौर पर आप जो सजा देंगे, हम उसे भुगतने के लिए तैयार हैं। अभी यहां बताया जा रहा था कि देश के विभिन्न चेयरमैन ने इस बजट को क्रिटिसाइज करने का काम किया है। 'फिक्की' एक संस्था है, इन्हीं लोगों से जुड़ी हुई एक संस्था है, व्यापारियों की है जिसने कहा है कि दूसरों के लिए रेल बजट एक उदाहरण है। उदाहरण को मैं विस्तार से नहीं पढ़ूंगा।

श्री रघुनाथ झा : राट्रपति जी ने भी कहा कि कायाकल्प कर दिया।

श्री राम कृपाल यादव : महोदय, मैं आपको बताऊं कि सीआईआई ने कहा है कि नये बजट का नजरिया है। उसके आगे मैं नहीं बताऊंगा कि क्या है? यहीं नहीं, हमारे माननीय राट्रपति जी ने भी इस बजट की सराहना की है। लेकिन इनकी समझ में यह बात नहीं आएगी। इनको तकलीफ इस बात की है कि लालू प्रसाद ऐसा पर्फोम क्यों कर रहे हैं?लेकिन काम लेने के लिये श्री लालू प्रसाद जी के पास आते हैं ...(व्यवधान)उपाध्यक्ष जी, मैं डेवलेपमेंट की बात बता रहा था कि यह केवल बिहार तक सीमित नहीं है। मैं उदाहरण के तौर पर आंकड़े दे रहा हूं।

राज्य	नई ट्रेन	सेवा में विस्तार	फेरों में वृद्धि	कुल सेवायें
आन्ध्र प्रदेश	3	2	4	09
असम	1	0	1	02

बिहार	6	5	4	15
छत्तीसगढ़	1	0	1	02
दिल्ली	5	5	2	12
गोवा	1	0	0	01
गुजरात	5	2	2	09
हरियाणा	1	5	0	06
जम्मू-कश्मीर	0	1	0	01
झारखंड	2	3	1	06
कर्नाटक	6	2	7	15
केरल	1	1	3	05
महाराट्र	10	3	6	19
मध्य प्रदेश	10	2	3	15
उड़ीसा	2	0	2	04
पंजाब	1	3	0	04
राजस्थान	6	4	0	10
तमिलनाडु	5	1	4	10
उत्तर प्रदेश	13	12	4	29
उत्तराखंड	2	0	0	02
पश्चिम बंगाल	3	3	1	07

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं बताता हूं कि राज्यों की परियोजनाओं को पूरा करने के लिये कितनी धनराशि दी गई है।...(व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, इन लोगों के कलेजे में दर्द हो रहा है, ये लोग सुनने की स्थिति में नहीं हैं। ये अस्पताल में जाकर भर्ती हो जायें। ये लोग लालू फोबिया से ग्रसित हैं, इन लोगों से लालू का भूत उतरता नहीं है। मेरे पास जो आंकड़े हैं, मैं सिर्फ थोड़ा सा टाइम लूंगा। मैंने ऊपर 21 राज्यों के नाम गिना दिये हैं। इनमें 4-5 राज्य ऐसे हैं जिन्हें 500-600 करोड़ रुपये से ज्यादा दिये गये हैं। मैं विस्तार में न जाकर सिर्फ यह बात रिकॉर्ड पर लाना चाहता हूं...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपको बोलते हुये 20 मिनट हो गये हैं। अब समाप्त कीजिये।

श्री राम कृपाल यादव : उपाध्यक्ष जी, मैं अपनी पार्टी का पहला वक्ता हूं। मुझे यह चार्ज दिया गया है कि मैं अपनी बात कहूं।

उपाध्यक्ष महोदय : आपको 20 मिनट हो गये, अब आप बैठिये।[s49]

श्री राम कृपाल यादव : मैं बता रहा था कि माननीय रेल मंत्री ने हर तबके, हर वर्ग को सहूलियत देने का प्रयास किया है। जहां उन्होंने 20,000 करोड़ रुपये का एतिहासिक सरप्लस बजट पेश किया है, वहीं रेलवे की बेहतरीन ऑपरेटिंग रेशियो 79 प्रतिशत है। रेलों से 667 मिलियन टन के लक्ष्य की तुलना में 726 मिलियन टन का रिकार्ड लदान किया गया है। साधारण एवं गैर सुपरफास्ट एक्सप्रैस गाड़ियों के द्वितीय श्रेणी के किराए में एक रुपये की कमी की गई है। सुपरफास्ट गाड़ियों के सुपरफास्ट चार्ज में 20 प्रतिशत की कमी की गई है। प्रथम एसी तथा द्वितीय एसी के किराए में कम से कम छः प्रतिशत की कमी की गई है। नए डिज़ाइन के कोच और स्लीपर तथा एसी थ्री टायर के किराए में कटौती की गई है। ई-टिकट पर लिये जाने वाले शुल्क में कमी की गई है। आम जनता के लिए द्वितीय श्रेणी में गद्देदार कुशन वाली सीटों की व्यवस्था की गई है। यह एक एतिहासिक कदम है। आज तक किसी मंत्री को यह ख्याल नहीं आया था कि बेचारे आम लोग, जो ट्रेन में सफर करते हैं, उनका भी सपना होगा कि उन्हें गद्देदार सीटें मिलें। लकड़ी के ऊपर वे सोया करते थे और उनको नींद नहीं आया करती थी। अब वे ढंग से सो सकेंगे। एसी की व्यवस्था जहां गरीब रथ के माध्यम से की गई है, आठ जोड़े गरीब रथ बढ़ाए गए हैं, इनकी और डिमांड आ रही है और आने वाले वित्तीय वर्ा में इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। प्रत्येक नई रेलगाड़ी में छः अनारक्षित द्वितीय श्रेणी के डिब्बों का प्र ाावधान किया गया है। खुदरा दूध विक्रेताओं को कितनी परेशानी होती थी और रेलमपेल हुआ करती थी। अब उनके लिए अलग से सुविधा देने का काम किया गया है। यह एतिहासिक कदम है और इससे उन लोगों को राहत मिलेगी। यही नहीं, कर्मचारी चयन आयोग और संघ लोक से वा आयोग की मुख्य परीक्षा में भाग लेने के लिए द्वितीय श्रेणी में 50 प्रतिशत की रियायत दी गई है। वरिठ नागरिकों को तथा 45 वर्ा की आयु से अधिक की महिलाओं के लिए निचली बर्थ की बहुत आवश्यकता थी जिसका प्रावधान अब किया गया है। इसके अलावा कई तरह की सुि वधाओं का प्रावधान किया गया है। मेरे पास जो लिखा हुआ है, उसको मैं आपकी अनुमति से प्रस्तुत कर दूंगा। ...(व्यवधान) मैंने पहले ही आपसे परमीशन ली थी।

उपाध्यक्ष महोदय : आपने 23 मिनट ले लिये हैं।

श्री राम कृपाल यादव : गुरु गोविन्द सिंह की जयन्ती के संबंध में उनके जन्मस्थल के बारे में भी मुझे कुछ कहना है। अभी तो मैं उस पर बोला ही नहीं हूँ। मैं आपको बता रहा था कि सरकार सारी सुविधाएं दे रही है, मगर एक बात मैं चाहूंगा कि साधारण लोग जो यात्रा करते हैं, उनके लिए आम गाड़ियों में सुविधाओं का बहुत अभाव है। लोकल ट्रेनों में उन्हें बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कहीं बल्ब नहीं होते हैं, कहीं शौचालय ही नहीं होते हैं, कहीं सीटें टूटी रहती हैं। इन सब चीजों को देखते हुए माननीय मंत्री जी को निर्णय लेना चाहिए कि जितनी पुरानी बोगियाँ हैं, जहां आम लोग चलते हैं, उनका परिवर्तन करना चाहिए। मंत्री जी बहुत काम कर रहे हैं, लेकिन इन सुविधाओं की तरफ अवश्य ध्यान देना चाहिए। एयर-कंडीशन्ड में सब लोग नहीं चल पाते हैं। फैसिलिटी इसीलिए होती है कि फैसिलिटी उपलब्ध हो। आप 20,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा आमदनी कर लीजिए, लेकिन जो आपका टार्गेट है, उनकी तरफ ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है - जो इस देश में गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर करते हैं, उनकी तरफ भी हमारा ध्यान जाना चाहिए। आप सुविधाएं दे रहे हैं लेकिन आम लोगों की सुि वधाओं के बारे में भी सोचना चाहिए।

प्लेटफार्म की स्थिति के बारे में मैं बताता हूं। माननीय मंत्री जी ने सफाई की व्यवस्था कराई है। बहुत जगह पानी की व्यवस्था नहीं थी, वह भी कराई है, शौचालय की व्यवस्था भी कराई है लेकिन अभी भी कमी है। शेड्स का अभाव है। मैं समझता हूं कि रेलवे प्लेट फार्मों का विस्तार किया गया है मगर शेडों का विस्तार नहीं किया है। इस कारण आम मुसाफिरों को बहुत कठिनाई झेलनी पड़ती है। इसलिए मैं चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी इस तरफ ध्यान दें। अब मैं कुछ डिमांड करके अपनी बात खत्म करना चाहूंगा।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय: आप डिमांड टेबल पर ले कर दें।

श्री राम कृपाल यादव : तीन सौ आधुनिक स्टेशनों का निर्णय लिया गया है। पटना साहिब स्टेशन ऐतिहासिक स्थल है, उसके वियमें हम मंत्री जी से चाहेंगे कि आप इस तरफ भी ध्यान दें। आपने एक बार कहा था कि हमने इस पर जोर दिया है। वहां धुंध है, इसलिए हम चाहेंगे कि आप एनाउंस कीजिए कि आप पटना साहिब स्टेशन को भी माडर्नाइज़ करेंगे, क्योंकि पटना साहिब ऐतिहासिक बाबा की धरती रही है। हमारा इतिहास रहा है, पटना साहिब गुरुद्वारे में पूजा करने के लिए देश-विदेश से लोग आते हैं। उपाध्यक्ष महोदय, आप भी वहां माथा टेकने के लिए जाते होंगे। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि आप इस तरफ ध्यान दें। मोकामा और आरा के बीच में इतना ज्यादा लोड है कि वहां आ वागमन में बहुत दिक्कत होती है। अगर वहां तीसरी लाइन की व्यवस्था हो जाए तो मैं समझता हूं कि वहां जो लोकल पैसेंजर्स के आने-जाने की दिक्कत होती है, वह दूर हो जाएगी, क्योंकि वे कभी-कभी दो-तीन घंटे लेट हो जाते हैं। इसलिए वहां तीसरी रेल लाइन की आवश्यकता

है। यही नहीं, डीएमयू की जगह पर एमयू ट्रेन चलाने की आवश्यकता है। बिहार के कई ऐसे इलाके हैं, जहां डीएमयू चल रही हैं, वहां एमयू की आवश्यकता है। हम चाहेंगे कि वहां एमयू की व्यवस्था कराएं। कई महानगरों में सुविधा है, मगर पटना शहर में यह सुविधा नहीं है।

महोदय, मैं केटरिंग में निश्चित तौर पर इस बात से सहमत हूं, जैसा अभी रेवती रमण जी बता रहे थे कि केटरिंग में जो खान-पान की व्यवस्था है, उसे व्यवस्थित करने का काम करना चाहिए। मैं समझता हूं कि यह व्यवस्था ठीक नहीं है। आप पैसा ले रहे हैं, लेकिन वहां कोई ठीक से मोनिटरिंग नहीं करता है। मुझे लगता है कि आपका ठीक से नियंत्रण नहीं है, जिसकी वजह से खान-पान में निश्चित तौर पर गड़बड़ी है। मैं चाहूंगा कि एक नयी रेल लाइन बिछाइ जाए, सीतामढ़ी-जयनगर, निर्मली से लौकहा, घोघरही-कोशीतटबंध से जमालपुर तक नई रेल लाइन बिछाई जाए। कई ऐसी नयी ट्रेनें हैं, नई रेल लाइन बिछाने के लिए बिहार के लोगों ने कहा है, उन्हें आप निश्चित तौर पर पूरा करने का काम कीजिए। विहटा से औरंगाबाद का आपने प्रस्ताव रखा है, मगर राशि उपलब्ध नहीं है। मंत्री जी ने हाउस में कई बार एश्योरेंस दिया है, उससे पांच संसदीय क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा। इसलिए मैं चाहूंगा कि निश्चित तौर पर जब आप जवाब दें तो विहटा से औरंगाबाद का जो इलाका है, इस तरफ ध्यान दें, उससे लाखों लोग लाभान्वित होंगे। वहां राशि न देने की वजह से लोगों को शंका है।

उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। रेल मंत्री जी की जो भावना है, उन्होंने जो संकल्प लिया है कि हम पूरी दुनिया में एक नम्बर पर भारतीय रेल को पहुंचाएंगे, मुझे विश्वास है कि आने वाले दिनों में भारतीय रेल एक नम्बर की बनेगी। यह दुधारु गाय साबित हुई है और आगे भी यही साबित होगी। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बजट का समर्थन करता हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

*785 मिलियन टन लदान तथा 71 हजार 218 करोड़ रुपए की कुल यातायात आमदनी का लक्ष्य। नई लाइन, आमान परिवर्तन, दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण को पिछले साल की तुलना में लगभग दोगुना करने की योजना। मालभाड़े में कोई वृद्धि नहीं। डीजल एवं पेट्रोल के भाड़े में पांच प्रतिशत की कमी। घरेलू उद्योग के लिए ढोए जाने वाले आयरन ओर के भाड़े में छः प्रतिशत की कमी। माल भाड़े की उच्चतम श्रेणी 220 से घटा कर 210 की गई। रेल सुरक्षा पर विशेा ध्यान, आधुनिक तकनीकी से मुख्य स्टेशनों की

…… This part of the speech was laid on the Table.

सुरक्षा व्यवस्था। आधुनिक उपकरण, जैसे मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी तथा स्मार्ट वीडियो कैमरे के द्वारा सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था। आरपीएफ के आधुनिकीकरण तथा रिक्त पदों को भरने का अभियान। ओवर-एज हो रही परिसंपत्तियों का नवीकरण। दुर्घटना रोकने के हर संभव प्रयास। डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर का निर्माण। विश्वस्तर के स्टेशनों का मिर्माण। रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए बड़ी तथा महत्वाकांक्षी योजनाओं। पीपीपी के माध्यम से लॉजिस्टिक्स पॉर्क एवं कृषि आउटलेट बनाने की योजना।*

SHRIMATI MINATI SEN (JALPAIGURI):Sir! This year, the hon'ble Minister for Railways has placed a budget with specific direction and the direction is Privatization of Railways has placed a budget speech; he declared that Railways have constituted a PPP cell since railways want many more PPP Schemes.

I do not known whether Lalu Ji still remembers his speech dated 10th September 2004, when he said that "He would rather quit than allow privatization" He further said that "Private sector would not meet the aspirations of people at large if Railways were privatized, as the cost of operation and services would increase manifold".

According to a PTI report dated January 6, 2007, "Railway Minister Lalu Prasad Yadav on Saturday said that Indian Railways was in profit and that he would never allow anyone to privatize the organization".

The uncompromising crusader against Privatization seems to be list. The same Lalu Ji, in his present budget speech, proudly declared that Railways have leased out catering and parcel services, invited private investment in the wagon investment schemes, awarded licenses to private parties for running container trains - even when the turnover of Container Corporation Of India Limited is Rs.2, 489 Crores and Net Profit is Rs. 334 Crores in 2006 - 07.

Sir! I recall that IRCTC in its Business Plan 2000 declared that it would engage a consultant to prepare a plan for privatization. That was BDA period. The people of India refused to accept the policies of outsourcing of NDA Government and brought UP A in the power. But, unfortunately, Lalu Ji preferred to carry on the legacy of NDA in his current budget proposal.

Sir! The results of recently concluded assembly elections of Punjab and Uttarakhand clearly indicate that this time people voted against the policies of UP A. This is a warning from the people.

---

*The speech was laid on the Table.

Sir! Likewise last year, this year too, there is no increase in train fare. Over and above a further reduction ofRe. 1/- in daily ticket fare has been announced. This is welcome. But, are afraid that Lalu j i will definitely find out other ways and means to increase the earnings of Railways, as it was done in the last year by renaming number of trains as super fast, increasing the charges for cancellation of tickets and increasing the fees for Tatkal reservations. May I please ask the hon'ble Minister to let this house know, how much the railways have earned during 2005-2006 on these account.

Sir! In this budget speech, hon'ble Minister for Railways has said that Gross Traffic Earnings for 2005-2006 will go up to 16 per cent and likely to reach Rs. 42,299 crores. But expenditure for construction of New lines during the corresponding period have been shown as Rs. 1991 crores only,

that is merely 2.2 per cent of the total Gross Traffic Earnings. Similarly, expenditure to the extent of Rs. 1242 has been made for gauge conversation, which is less than 2 per cent of Gross Traffic earrings. Not a single rupee has been allocated for gauge conversation between Alubari and Siliguri.

Sir! This is simply a mismatch between earnings and judicious planned expenditure.

Sir! The honourable Minister of Railways has given some cosmetic touches in his budget speech. He has proposed to increase number of unreserved coaches in all trains excepting fully AC trains and Jana Shatabdi expresses. He has also proposed to raise the capacity of sleeper coaches from 72 to 84, AC Chair Car from 67 to 102, AC 3tier from 64 to 81, AC 2 tier from 46 to 48 and AC 1 from 18 to 22.

The proposals are welcome. But on implementation of all these proposals, the lengths of the existing platforms are to be extended. Again, in almost all long distance train, already passengers of 3 tier sleeper and AC coaches as well as unreserved coaches, faces problems like long queue before the toilet and inadequate supply of water. On introduction of increased number of berths and seats, the problems will be more acute. I believe that Laluji will take care of these problems.

The honourable Minister of Railways, in his budget speech has said that "Railway safety is our prime concern" I hope that he will appreciate that track renewals, level crossings and bridge works are important components of safety. Unfortunately, in comparison to 2004-.2005, there is an decrease of Rs. 180 crores in 2005-2006 for Track renewal. For level Crossings and Bridge Works, even the money allocated in Revised Estimate fro 2005-2006 has not been spent.

But, the recent spurt of terrorist attacks on train has become a matter of concern for every one. I hope that, as promised, the Ministry will take all steps to fill up the 8000 vacant posts in Railway Special Police Force.

Sir In the cases of death and injury due to an accident, hon'ble Minister of Railways generally rushes to the spot and declare compensations. Unfortunately, in Belacoba Train Blast, none from the Ministry visited the spot. The family members of the victim of the blast are still waiting for the compensations. I request the Hon'ble Minister to look into

Sir! Contrary to claim of honourable Minister for Railway regarding punctuality in train timings, possibly North Bengal is the worst sufferer. Almost all trains in late. Train like Mahananda Sikkim Express, almost run 4 to 12 hours late. I hope that this problem will be addressed to by Ministry of Railways.

Sir, I am sorry to point out that huge quantity of Railway land remains unused for decades. The State Governments are demanding to use these land stretch according to their needs. But Ministry of Railways has not yet agreed to this proposal. I urge upon the Minister for Railways, to hand over the surplus railway land to respective State Governments.

Sir! In the current budget proposal, West Bengal has been neglected in the matter of introduction of new trains. Only one new Train has been introduced between Howrah and Rampurhat. The Haldia Panskura line has been shelved.

Sir! I am shocked to note that only Rs. 55 crores have been allotted for New Moynaguri Jogikhopa Line, which is scheduled to be completed by 2012. I am afraid that it will take 12 years more, if so little allocation is made for this important line.

Sir, Speeches are made, assurances are given. But the question is, whether the assurances are kept? Before two years, we welcomed an assurance of Minister of Railways regarding granting of licenses to Railway Hawkers. I am sorry to point out that the said assurance is yet to be fulfilled.

Sir! Now I draw the attention of Hon'ble Minister of Railways to a problem being faced by Freedom Fighters. As per Railway Board's instruction dated 31.8.1989 complimentary Card passed to freedom fighters are issued from offices of the Divisional Railway Manger as well as Zonal Railway Headquarters. Considering the old age and sacrifices they made, I urge upon the Minister of Railways to grant them passes from nearest Railway Stations.

Sir! From the very beginning, I tried make some constructive criticism of the rail budget 2006-07. I hope that, honourable Lalu ji will give due weightage to the demands of the common people and will take corrective steps in his reply.

Lastly I support the Railway Budget.

With this, I conclude.

SHRI N.S.V. CHITTHAN (DINDIGUL): Sir, I raise to support the Railway Budget for the year 2007-08 presented by the Hon'ble Railway Minister.

Laluji has presented his fourth consecutive successful budget which is loudly applauded by the press and general public as it is praised "No tears budget' . Instead of increasing the fares and freights the efficiency is improved and the frequency of trains is increased with the result the Railways have earned a profit of Rs.20,000 crores this year. Hence, it is a colorful feather on the cap of the UP A Government under the able guidance of Madam Soniaji.

The highlights of this Budget as we all know are :-

a) 4% reduction of fares in all seasons for II class passengers

b) passenger fares are reduced across all categories

c) increase in unreserved II class coaches from four to six in every new train

d) cushioned seats for unreserved second class compartments

e) senior citizens and women above the age of forty five wiii get priority iii lower berths.

Further 14% growth in passenger earnings and 17% growth in freight charges are encouraging. A total of 800 coaches would be attached in popular trains is a good news to passengers.

At the same time, I am pained to note that allocation of funds to Tamil Nadu is disappointing and disturbing.

Another injustice to Tamil Nadu is that the Ministry has sanctioned freight corridor between Mumbai and Delhi and also between Delhi and Kolkata at a cost of Rs.30,000 crares. But it is known that Chennai to Mumbai and also Chennai to Kolkata will be taken up after some years. The Hon'ble Prime Minister has once gone on record that Chennai and Mumbai corridor should be taken up on priority basis. But the Railway Minister has decided not to include Chennai in first phase.

---

*The speech was laid on the Table.

Sir, South Tamil Nadu is a backward region with a low level of industrialization. There is no perennial river to help agricultural operation. Further it is situated in the down corner of our country which it is far from the consumer market of the country. Industries can come only if there is a proper infrastructure. In this context we the people of South Tamil Nadu have been demanding the doubling of railway track between Chengalpattu and Tuticorin. But the railways have decided to take up doubling work between Chengalpattu and Villuppuram. Even for this project very meager funds have been allotted in the current budget. I have information that the Railway Board which.is in possession of this project has ruled out the implementation of the project on economic grounds. This project should be implemented without delay for the welfare of the South.

Railways are now a cash - rich establishment. I urge the Railway Minister to allocate a sum of Rs.2000 crores immediately for taking doubling of the track between Chengalpattu and Tuticorin

Tamilnadu has got largest concentration of metre gauge track. The track between Madurai and Coimbatore, the two important cities of Tamilnadu are still to be connected. To take up the gauge conversion work between Oindigul and Pollachi Rs.30 crores are allotted in the current Budget. I hope the Railway Minister will allot the needed amount next year to complete this project.

I wish to emphasize that the track between Madurai and Dindigul is over utilized to the extent of nearly 160 per cent. There is very good scope and potential for introduction of more trains in this sector. At present, a Broad Gauge track as well as a Meter Gauge tract exist between Madurai and Dindigul. As a part of the popualr demand for doubling of B.G. track between Kanyakumari and Chennai, the scheme for conversion of the existing M.G. track into B.G. track between Madurai and Dindigul was announced in the Railway Budget 2003-04 at an estiamated cost ofrs.73.19 crores for a distance of 63 km. Due to

meagre allotment of funds so far no worthwhile work has been done in the implementation of the project. I now understand for the much awaited project the Railway Board has sanctioned Rs.30 crores for the year 2006-07 and Rs.70 crores for the current year 2007-08. The track doubling project worth Rs.112 crore by the revised estimate should be completed by March, 2008.

I have been repeatedly raising my voice at the floor of this august house from the year 1996 for the early completion of this project. I can assure that this is a viable project and the entire amount will be received by way of revenue within a short period of 3 years.

The Metre Gauge track to between Madurai and Bodi should be converted into broad Gauge and extended up to Kottayam.

The existing track between Mumbai and Chennai has at present single track between Sholapur and Guntakal. This doubling work should be taken up on priority basis.

Integral Coach Factory at Perambur is one of the oldest Railway establishment founded by the tallest leader of the nation Shri K. Kamaraj. This factory should be modernized and brought at par with Kapurthala.

Madurai is one of the fast developing cities in the, country. Many people residing in the growing and expanding northern parts of the city quite often undertake train journeys. As all the trains coming to Chennai from southern parts of the state make a stop over at Mambalam Railway Station. All the express trains coming to Madurai also should make a stop over at Koodal Nagar Railway Station for the benefit of passengers from northern 'parts of the city. Such stoppages besides reducing passenger congestion at Madurai Railway station to a great extent will also considerably lessen traffic congestion in the city, Koodal Nagar Railway Station should also be renovated with all required facilities. At present only Koodal Express alone stops at Koodal Nagar Railway Station,

At present Push and Pull train service is operated between Trichy-Tanjavur, Trichy-Virudhachalam and Dindigui-Trichy daily. There is very good potential for introduction of DEMU train service between Virudhnagar-Madurai- Dindigul. Hence, this service should also be introduced for a minimum of five times daily between Virudhnagar-Madurai- Dindigul for the benefit of commuters, businessmen and other frequent travelers between these cities in the south. It will have very good patronage.

The Chennai-Tenkasi Pothigai Express (Train No.266l and 2662) now runs thrice a week. In view of ever increasing demand for accommodation in this train from general public hailing from the southern districts and traders and industrialists especially from Matches, Fireworks industry and cotton and textile mills in Sivakasi, Rajapalayam and Sankarankoil areas, the frequency of this popular train should be increased to daily from the present thrice a week as early as possible.

Madurai is one of the busy railway stations in the south with thousands of passengers enter the station for boarding trains and exit from incoming trains. Due to heavy rush in the foot over bridge, especially during evening and night hours, passengers find it very difficult to reach the platforms for boarding the trains. The problem is acute for elderly people and handicapped persons. Hence, we pray for putting up escalators in the 1 st and 2nd platform both ascending and descending.

The Railway over bridge at Thathaneri near Madurai is unfinished for a very longer period and should be completed without any further delay.

Thanks to the Railway Minister for ordering a survey from Dindigul to Kumuli with a view to facilitate the devotees of Sabarimala. The backward areas of Nilakkottai Vathalagundu, Periakulam, Theni, Uthamapalayam, Bodi and Kumbli will be benefited if this project is taken up.

Kodaikanal in our Dindigul District is considered to be the most energetic health resort of Tamil Nadu. One has to get down at Kodai Road railway station to reach Kodaikanal. Hence for the convenience of the passengers a computerised reservation centre should be opened at Kodai Road.

श्री अनिवाश राय खन्ना (होशियारपुर): महोदय, मैं रेल बजट पर लिखित रूप से अपने विचार इस पवित्र सदन में इस आशा से रखना चाहता हूं कि माननीय रेलवे मंत्री बजट की बहस का जवाब देते समय इन बातों का ध्यान रखेंगे। मेरा संसदीय क्षेत्र होशियारपुर पंजाब है जो कि पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। देश के आजाद होने से पहले होशियारपुर से एक रेल गाड़ी लाहौर तक जाती थी, लेकिन आजादी के बाद वहां से कोई भी गाड़ी नहीं चलती है, सिफ्र एक डीएमयू जालंधर तक जाती है। मेरा आपसे निवेदन है कि इस डीएमयू को होशियारपुर से अमृतसर तक चलाया जाए इससे न तो कोई अतिरिक्त बोझ सरकार पर पड़ेगा और न ही कोई अतिरिक्त गाड़ी लगानी पड़ेगी। इससे जनता को काफी लाभ होगा।

होशियारपुर तक रेलवे लाईन आकर बंद हो जाती है, अगर इस लाईन को बढ़ाकर फगवाड़ा तक कर दिया जाए ओर ऊना तक जोड़ दया जाए तो होशियारपुर व पंजाब, हिमाचल के लोगों को काफी लाभ होगा। आजादी से लेकर अब तक की लोगों की मांग पूरी हो जाएगी।

होशियारपुर रेलवे स्टेशन पर अब मालगाड़ी आनी शूरू हो गई है, लेकिन वहां माल के रखरखाव के लिए पूरा सही इंतजाम न होने के कारण जनता कई बार रेलवे सुविधा का इस्तेमाल करने से हिचकिचाती है। कृपया स्टोर की पूरी योजना बनाई जाए व वहां पर सड़कों की सही मरम्मत करके सुविधा प्रदान की जाए।

होशियारपुर से एक डिब्बा हरिद्वार के लिए लगाया जाए, जो जालंधर या जालंधर कैंट में पीछे से आने वाली गाड़ियों से जोड़ा जाए। सप्ताह में एक एक स्पेशल गाड़ी होशियारपुर से चल कर हरिद्वार से वापस आए, ऐसी घोाणा की जाए।

दसुआ पंजाब में कम्प्यूटर 24 घण्टे चले ऐसी घोाणा की जाए। एक डीएमयू नंगल से चण्डीगढ़ जाता है, जिसमें महिलाएं व बच्चे भी यात्रा करते हैं, करीब तीन घन्टे के सफर में गाड़ी के अन्दर कोई टायलट न होने के कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसलिए ऐसी गाड़ी चलाई जाए, जिसमें टायलट की सुविधा हो।

जेजों से जालंधर तक एक गाड़ी जाती है। इस इलाके के कई लोग फौज में भी काम करते हैं। एक डिब्बा इस गाड़ी में लगाया जाए तो फिर दिल्ली के लिए आने वाली गाड़ी से जोड़ा जाए तो इस इस पिछड़े इलाके के लिए यह एक वरदान साबित होगा।

*The speech was laid on the Table.

जेजों से चल रही गाड़ी जो सिर्फ जालंधर तक जाती है, उसे अमृतसर तक बढ़ाया जाए। इससे रेलवे कोई भी फालतू खर्चन हीं करना पड़ेगा और सरकार की आय में भी बढ़ोतरी होगी और लोगों को भी सुविधा हो जाएगी। अमृतसर से आनन्दपुर तक रेलवे लाइन की जो घोाणा की गयी है, उसको जल्दी चालू किया जाए। जिन यात्रियों की टिकट कन्फर्म नहीं होती है उनको टिकटों का रिफन्ड रेलवे देती है, परन्तु रिफन्ड लेने के लिए कई प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। अगर रेलवे चैक के द्वारा टिकट वाहक के घर तक पैसे भेज दे तो एक सेवा का उदाहरण रेलवे पेश कर सकती है व डाक चैक का खर्चा इसमें से काटा जा सकता है।

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग): सभापति महोदय, मैं सबसे पहले माननीय मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने तीन र्वा से रेलवे को 20 हजार करो रुपये का मुनाफा दिया और इसलिए भी बधाई देना चाहता हूं कि इससे पहले जब भी रेलवे का बजट आता था तो लोग कहते थे कि कितना यात्री-किराया बढ़ेगा, लेकिन तीन साल में एक बार भी यात्री किराया नहीं बढ़ा है। बल्कि इस बार जो उन्होंने रेलवे बजट पेश किया है उसमें रेल-भाड़े में कुछ रियायत भी की है, कुछ छूट भी दी है। उनको मैं इसलिए बधाई देना चाहता हूं कि रेलवे को जो मुनाफा हुआ है उससे रेलवे के कर्मचारियों को भी बोनस देने का काम किया है, उन्हें उत्साहित करने का काम किया है।

सभापति महोदय, लेकिन मैं कुछ बातें कहना चाहता हूं कि इस बार जो रेल बजट आया है उसमें जो नयी रेलों के परिचालन और नयी रेल-लाइनें बिछाने का जो काम किया है, उसमें समान दृटिकोण इस रेल-बजट में नहीं है। कुछ राज्यों के साथ भेद-भाव किया गया है। झारखंड हो, छत्तीसगढ़ हो, केरल हो, आंध्र प्रदेश हो या उड़ीसा हो, इन राज्यों के साथ काफी भेद-भाव किया गया है, एक तरह से उनके साथ अन्याय किया गया है। करीब 20 हजार करोड़ रुपये का रेलवे ने मुनाफा कमाया लेकिन जो मुनाफा हुआ है उसको रेलवे के सुधार के काम में लाया जाना चाहिए, विकास के काम में लाया जाना चाहिए। रेलवे के रैक खराब हैं, उनकी मरम्मत का काम करना चाहिए। रेलवे का जो सिगनल-सिस्टम है, उसमें सुधार किया जाना चाहिए और जो सुरक्षा की बात है, उसको मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि जो रेलवे में घटनाएं होती हैं वे न हों।

रेलवे में 14 लाख कर्मचारी और पदाधिकारी हैं और रेलवे में नये काम की शुरुआत हुई है लेकिन रेलवे में मजदूरों की संख्या दिन-प्रतिदिन घटती जा रही है। जब आप नया काम रेलवे में शुरु करते हो तो मजदूरों की संख्या बढ़ाने के बजाए आप उनकी संख्या कम कर रहे हो। माननीय राज्य मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आप रेलवे में मजदूरों की संख्या बढ़ाने का काम करो। माननीय वासुदेव आचार्य जी के प्रश्न का माननीय रेलवे राज्य मंत्री जी जवाब दे रहे थे तो उन्होंने कहा कि उन्हीं योजनाओं को पूरा करेंगे जिनमें 60 प्र ातिशत काम शुरु हो गया है। साथ ही कहा कि ऐसी योजनाओं को पूरा करेंगे जिनमें 50 प्रतिशत राज्यों ने अपना हिस्सा दिया है। सभापति महोदय, जिन योजनाओं को इन्होंने शुरु किया है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना चाहिए।

मैं झारखंड राज्य से आता हूं, वहां पर 8 योजनाएं आज से 8 वर्ा पहले शुरु की गयीं। मुझे तकलीफ के साथ कहना पड़ता है कि एक भी योजना में काम पूरा नहीं हुआ है। किसी में भी 25 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा नहीं हुआ है। अगर ये यही सिस्टम लागू करेंगे तो एक भी योजना झारखंड में पूरी नहीं होगी। जिन 8 योजनाओं को 8 वर्ा पहले झारखंड में शुरु किया गया, उसमें झारखंड की सरकार ने दो-तिहाई हिस्सा दिया है, एक-तिहाई रेलवे-बोर्ड का खर्चा लगता है लेकिन रेल-लाइन का काम खत्म नहीं हुआ है। जितना पैसा मांगा गया, झारखंड सरकार ने दिया है। माननीय रेल मंत्री जी ने कहा था कि जो रेलवे में स्टॉल्स हैं या दूसरे तरह के खान-पान के स्टॉल्स हैं वे अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को, विकलांग और विधवाओं के लिए आरक्षित करेंगे लेकिन आज जिनके पास पहले से स्टॉल्स थे वे भी हटाए जा रहे हैं। यह सारा काम भारतीय रेल खान-पान पर्यटन निगम लि. को दे रहे हैं। पिछले सारे लोगों को हटाया जा रहा है।[r56]

माननीय मंत्री जी ने घोाणा की थी कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति और विकलांगों और विधवाओं के लिए अलग डिब्बों की व्यवस्था करेंगे।

मैं माननीय रेल मंत्री जी को कहना चाहता हूं कि इस रेल बजट में झारखंड राज्य की घोर उपेक्षा की गई है। हम सभी झारखंड के सांसद 26 तारीख को रेल बजट आने के बाद 27 तारीख को दो बजे रेल मंत्री से मिले थे और मंत्री जी को कहा था कि इस तरह से झारखंड के साथ भेदभाव न करें। झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां से सबसे ज्यादा आमदनी और सबसे ज्यादा राजस्व भारतीय रेल को प्राप्त होता है और उसी के साथ भेदभाव किया गया। मैं बताना चाहता हूं कि तीन साल हो गए हैं और एक भी नई रेलवे लाइन का काम शुरू नहीं हुआ। तीन साल हो गए हैं, एक भी नई रेलवे लाइन के सर्वेक्षण का काम भी शुरू नहीं किया गया, बल्कि जो लाइनें पहले से बन रही थीं, उन्हें भी पूरा करने का काम नहीं हो पा रहा है। इस तरह से भेदभाव किया जा रहा है। झारखंड में तीन मंडल हैं - धनबाद, रांची और चक्रधरपुर हैं। धनबाद मंडल का हैडक्वार्टर हाजीपुर है। चक्रधरपुर और रांची साउथ-ईस्टर्न रेलवे का मंडल कोलकाता में है। झारखण्ड के लोग हाजीपुर नहीं जा सकते हैं, कलकत्ता भी नहीं जा सकते हैं। इसलिए हमने माननीय मंत्री जी को कहा था कि आप इन तीनों मंडलों को मिला कर एक अलग जोन झारखंड में बनाएं, जिसका हैडक्वार्टर रांची में हो।

महोदय, मैं रांची संसदीय क्षेत्र से आया हूं। रांची झारखण्ड की राजधानी है। रांची रोड के निकट इंडियन ऑयल का स्टॉक गोदाम है। वहां बराबर घटनाएं घट रही हैं। हमने इसके लिए रेलवे मंत्री से बात की और लिखा, रेलवे बोर्ड, चेयरमैन से बात की कि जिस दिन वहां घटना होगी, हजारों लोग मारे जाएंगे। मैंने रेल मंत्री जी से कहा था कि आप जानते हैं क्योंकि आप कई बार हजारीबाग से रांची गए हैं। यदि किसी दिन वहां पर कोई ट्रेन उतरकर किसी टैंकर से टकरा गई तो बहुत भयंकर दुर्घटना होगी और लाखों का जान-माल का नुकसान होगा। इसलिए मेरा निवेदन है कि इसको बनाने का काम करें। हजारी बाग से कुचनबा के लिए एक सौ करोड़ रुपया कोल इंडिया ने इन्हें दिया है। दो साल पहले कोल इंडिया ने पैसा जमा करवा दिया, लेकिन अफसोस है कि जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया। रेलवे के काम करने की बात तो आप छोड़ दीजिए, जमीन का अधिग्रहण भी नहीं किया गया है। आज रेलवे में जो वैंडर्स के रूप में काम करते थे, वैंडर्स के साथ सहायक हैल्पर के रूप में, उनमें से वैंडर्स को ले लिया गया और सहायक और हैल्पर खाली बैठे हुए हैं। मैं खुद 6-7 महीने पहले मंत्री जी के पास गया था। हमारे नेता श्री गुरुदास गए थे, हमने मंत्री जी को कहा कि हजारों लोग जो हैल्पर और रेलवे केन्टीन में काम करते थे, आज वे

बेकार हैं। माननीय मंत्री जी ने कहा था कि उन्हें हम समायोजित करेंगे और पदाधिकारियों को भी कहा था कि इन लोगों को समायोजित करें, लेकिन आज भी हजारों लोग दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं रेलवे मंत्री जी से जो कि यहां मौजूद नहीं हैं, रेलवे राज्य मंत्री यहां मौजूद हैं कि आप गरीबों के मसीहा कहे जाते हैं, हजारों लोग जो वैंडर्स के साथ हैल्पर का काम करते थे, चाहे वे खड़गपुर में हों या जमशेदपुर में हों या बड़े-बड़े स्टेशंस में हों, आज वे बेकार बैठे हुए हैं। आप उन्हें समायोजित कीजिए क्योंकि आपके यहां मजदूरों की कमी है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please conclude your speech. You can lay rest of your speech.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता : सभापति महोदय, मुझे दो मिनट का समय दीजिए, मैं अपनी बात समाप्त कर दूंगा।

महोदय, झारखंड के सभी सांसदों ने जो पत्र माननीय रेल मंत्री जी को लिखा है, उसे मैं पढ़ कर सुनाना चाहता हूं।

झारखंड के धनबाद-चक्रधरपुर-रांची मंडल को मिलाकर के एक जोन बनाया जाए, जिसका मुख्यालय रांची हो। दूसरा, कोडरमा से रांची वाया हजारीबाग, कोडरमा से गिरिडीह आठों रेलवे लाइन का काम आज तक पूरा नहीं हुआ है, इस काम को पूरा किया जाए। दुमका प्र ामण्डल के सभी जिलों को रेलवे लाइन से जोड़ा जाए

रांची से झासो गोडा वाया खुटुटी सिमडेगा रेलवे लाइन का निर्माण किया जाए। लोहदरगा से कोरबा भाया गुमला रेलवे लाइन का निर्माण, टाटा नगर से रांची नई रेलवे लाईन का निर्माण हंसडीहा से गोड्डा रेलवे लाइन का निर्माण, लोहरदग्गा से राउरकेला गुमला सिमडेगा नई रेलवे लाइन का निर्माण किया जाए।

MR. CHAIRMAN : You can lay it on the Table of the House. Why do you read it?

… (*Interruptions*)

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता : मैं अपनी पार्टी में अकेला बोलने वाला मैम्बर हूं।

MR. CHAIRMAN: You have taken double the time allotted to you. One more Member is there from your party to speak. His name is in the list. Two names have been given from your party.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता : मैं अपनी बाकी की स्पीच ले करता हूं।

MR. CHAIRMAN: You give it to them. It would have been far better had you done it earlier.

***श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता** : मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इन कार्यों को बजट में शामिल करने का कट करें। जसीडीह से पीरपैती वाया गोड्डा रेलवे लाइन का निर्माण किया जाए। लोहरदग्गा से राउरकेला गुमला सिमडेगा नयी रेल लाइन का निर्माण किया जाए। वहवाडीह भण्डरिया अम्बिकापुर चेरी मिट्टी अर्द्ध निर्मित रेलवे लाइन को पूरा किया जाए। कानड्रा से नाम कुम रेलवे लाइन का निर्माण किया जाए।

नई रेलवे लाइन का परिचालन - धनबाद से बरकाकाना तक नए इ.एम.यू ट्रेन चलाई जाए। जमशेदपुर से बडविल भाया चाईवासा (उड़ीसा) तक डी.एम.यू. चलाया जाए। जमशेदपुर से राउरकेला डी.एम.यू. चलाया जाए। बोकारो से भोजूडीह भाया पुरलिया तक नई ट्रेन चलाई जाए। गढ़वा से भाया भवनाथपुर नई ट्रेन चलाई जाए। वैद्यनाथ धाम से आसनसोल तक नई ट्रेन चलाई जाए। पटना से आसनसोल तक नयी ट्रेन चलाई जाए। धनबाद से सूरत नई मेल ट्रेन चलाई जाए। रांची से दरभंगा तक रेल सेवा। रांची, बोकारो, दुर्गरायपुर तक रेल सेवा चालू की जाए। नागपुर, रायपुर, रांची के लिए डायरेक्ट रेल सेवा। रांची-अहमदाबाद रेल सेवा भाया राउरकेला नागपुर एवं सूरत। रांची से हैदराबाद ए वं रांची से पुणे के लिए नई रेल सेवा प्रारम्भ की जाए।

रेलगाड़ियों के आवागमन का विस्तार - रांची राजधानी एक्सप्रेस को प्रत्येक दिन चलाया जाए, जिसमें चार दिन कोडरमा गया होकर और तीन दिन बड़का काना गढ़वा पलामू होकर चलाई जाए एवं रांची राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव बड़काकाना जक्शन हजारीबाग में किया जाए। सियालदह राजधानी एक्सप्रेस

…… This part of the speech was laid on the Table.

का ठहराव कोडरमा स्टेशन पर किया जाए। पुरुोत्तम हावडा जोधपुर इत्यादि सुपरफास्ट ट्रेन का ठहराव हजारीबाग रोड में किया जाए। ि वक्रमशिला एक्सप्रेस को भागलपुर से बढ़ाकर साहबगंज तक किया जाए। शक्तिपुंज श्रमजीवी, टाटा हटिया, पठानकोट, जम्मू तवी एक्सप्रेस ए वं झारखण्ड स्वर्ण जयन्ती का ठहराव राय स्टेशन पर किया जाए। रांची से अजमेर शरीफ सप्ताह मे दो दिन चलाई जाए। मुम्बई मेल को सप्ताह में एक दिन जसीडीह, मधुपुर पटना होकर चलाया जाए। महाबोधी एक्सप्रेस को गया से धनबाद तक बढ़ाया जाए। फरक्का एक्सप्रेस सहित अन्य एक्सप्रेस का ठहराव मिर्जाचौकी में किया जाए। गंगा दामोदर को पटना से बढ़ाकर बक्सर तक किया जाए। टाटा से जसवन्त नगर को चार दिन किया जाए। हवाड़ा टाटा नगर बडविल जन्म शताब्दी एक्सप्रेस का केन्दापोथी में ठहराव किया जाए। टाटानगर से नई दिल्ली भाया राउरकेला विलासपुर नई मेल ट्रेन चलाई जाए। ई.एम.यू का विस्तार चाकूलिया तक किया जाए। भुवनेश्वर रांची गरीब रथ को दिल्ली तक किया जाए। हटिया लोकमान्य तिलक सुपर फास्ट एक्सप्रेस वाया नागपुर सप्ताह मे दो दिन चलाई जाए। हटिया जसवन्तपुर को एक दिन के बजाय प्रत्येक दिन चलाया जाए। हटिया-नई दिल्ली वाया गोमो स्वर्ण जयन्ती एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाया जाए।

ओवर ब्रित एवं रेलवे फाटक का निर्माण - कोडरमा स्टेशन के सामने रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए। बडहर वा में ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए। रांची टाटा पथ में नाम कुम स्टेशन पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए। चाईवासा से चक्रधरपुर के बीच ओवरब्रिज का निर्माण। गोमो चन्द्रपुरा के बीच झगरूवोर में रेलवे फाटक का निर्माण। राय स्टेशन पर फ्लाम ओवरब्रिज का निर्माण। हजारी बाग रोड एवं कोडरमा के बीच मसकेडीह ग्राम में रेलवे फाटक का निर्माण। हजारीबाग जिला के रांची रोड एवं चैनपुर साइडिंग के बीच डिग वार में रेलवे हॉल्ट का निर्माण पेसेन्जर एवं माल गाड़ी को रोका जाए। गोमो में ओवरब्रिज का निर्माण। चाईबासा टाटा सड़क पर चाईबासा में ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए। *

श्री सीताराम सिंह (शिवहर) : महोदय, माननीय रेल मंत्री द्वारा प्रस्तुत 2007-08 के लिए ऐतिहासिक रेल बजट का मैं समर्थन करता हूं। साथ ही जनहित में निम्न सुझाव देना चाहता हूं।

1. मोतिहारी चिरैया ढाका शिवहर सीतामढ़ी रेल लाइन स्वीकृत है, पैसा भी आबंटित है, लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। आग्रह है कि कृपया रेल लाइन का कार्य प्रारंभ करने का आदेश दिया जाए।

2. दरभंगा सीतामढ़ी नरकटियागंज रेल लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तन का कार्य पूरा करने की कार्यवाई की जाए। अभी तक दरभंगा से सीतामढ़ी तक ही काम किया जा रहा है। इससे जनता को लाभ नहीं होगा, इसलिए इसे नरकटियागंज तक पूरा कराया जाए।

3. सीतामढ़ी बरगनियां के बीच मोहनी हॉल्ट को स्टेशन का दर्जा देकर स्टेशन निर्माण कराया जाए।

4. सीतामढ़ी से बरगनियां के बीच वमनगावा से यात्रियों की सुविधा हेतु हॉल्ट का निर्माण कराया जाए।

5. मोतिहारी लम्बित आर.ओ.बी. एवं रक्सौल हाजीपुर एकहारा गुमती का निर्माण कराया जाए।

6. चकिया मधुबन फेनहारा पिपराही पुर्णइया होते हुए बरगानियां रेल लाइन के सर्वे का कार्य शुरू करने की कार्यवाही की जाए।

7. मोतिहारी स्टेशन के पश्चिमी भाग पर रोड निर्माण कराया जाए। इसी भाग पर गांधी जी की मूर्ति लगी है।

---

*The speech was laid on the Table.

श्री काशीराम राणा (सूरत) : सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। अगर माननीय रेल मंत्री श्री लालू जी सदन में उपस्थित होते तो मैं उन्हें कम्पलीमेंट देता, लेकिन रेल बजट के लिए नहीं। जब उन्होंने रेल बजट सदन में पेश किया था तब माननीय प्रधानमंत्री जी भी उपस्थित थे और कांग्रेस पार्टी की अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी जी भी उपस्थित थीं। उसी समय माननीय लालू प्रसाद जी ने अपनी तारीफ में यूपीए सरकार के बारे में कहा - दौर-ए महंगाई में रेल सस्ती रखी, यानि यूपीए सरकार में इतनी महंगाई बढ़ती जा रही है और इस हालात मैंने रेल को सस्ता रखा है। उन्होंने अपनी तारीफ में महंगाई को ध्यान में रखकर जिस प्रकार से यूपीए सरकार की निंदा की है, इसके लिए मैं लालू जी को कम्पलीमेंट देना चाहता हूं। यहां आज वे उपस्थित नहीं हैं। यहां पर कहा गया है कि रेल मंत्री जी ने कोई किराया नहीं बढ़ाया है। हम जानते हैं कि चाहे रेल बजट हो या जनरल बजट हो, वह इस प्रकार से पेश होता है कि आम आदमी को लगता ही नहीं है कि उसके ऊपर कितना कर का बोझ आया, कितना टैक्स आया है। वे समझ नहीं पाते हैं, लेकिन बाद में पता लगता है कि उन पर भारी कर का बोझ डाल दिया गया है। जैसा माननीय रेल मंत्री जी ने फास्ट ट्रेन को सुपर फास्ट ट्रेन बनाकर पेश किया, इसे सुपर फास्ट ट्रेन बनाया नहीं लेकिन सुपर फास्ट घोाति करके जो किराया वसूल किया वह किससे वसूल किया गया? यह उसी आम आदमी, उसी पैसेंजर से वसूल किया गया, इस तरह से क्या किराया नहीं बढ़ाया? यह कहा जाता है कि किराया बढ़ाया नहीं लेकिन इनडॉयरेक्टली जो बढ़ाते हैं, उसका हम कभी जिक्र नहीं करते हैं। इस प्रकार से उन्होंने जो किराया बढ़ाया उसका बोझ तो पैसेंजरों पर ही पड़ा।

आम आदमी ट्रेन में सफर करता है, अगर किसी बेचारे को जल्दी में जाना होता है तो वह ट्रेन में चढ़ जाता है और अगर वह पकड़ा जाता है तो इसकी पैनल्टी 250 रुपया है। मैं एक बार ट्रेन में गया तब टीसी ने किसी को पकड़ा, उस बेचारे के पास टिकट थी लेकिन जहां जाना था, वहां की नहीं थी। उससे 250 रुपए पैनल्टी ली गई, डबल चार्ज किया गया। उसके पास पैसे नहीं थे, उसके साथ आम पैसेंजर जो सफर कर रहे थे, पैसा उन्होंने दिया। यह कम बात नहीं है, बहुत बड़ी बात है, इसे आम आदमी बयान नहीं कर सकता। इस तरह से 250 रुपए की पैनल्टी क्यों है? यह पैनल्टी धीरे-धीरे बढ़कर 250 रुपया हो गई है। मैं रेल मंत्री जी से विनती करता हूं कि पैनल्टी चार्ज को कम करें।[r57]

बजट में एक प्रावधान रखा गया है, जिसके बारे में बार-बार कहा जाता है कि हमने यात्रियों के लिए एक रुपये का रिलीफ दिया है। जो सैकिंड क्लास में चढ़ने वाले आम आदमी हैं, उन्हें रिलीफ दिया है। आपने कहा कि हम गरीबों के लिए गरीब रथ चला रहे हैं। अच्छा है, आपने गरीब रथ चलाया। लेकिन आज गरीबों के नाम सत्ता में आने के बाद लोग गरीबों को भूल जाते हैं। आज गरीबों के नाम पर जो पैसा जाता है, वह पैसा गरीबों तक नहीं पहुंचता है। इसी प्रकार से इस गरीब रथ में कितने गरीब बैठेंगे, वह अलग बात है। ठीक है, आपने गरीब रथ चलाया लोगों को और सुविधा मिली। लेकिन जो सैकिंड क्लास में सफर करने वाले पैसेंजर्स हैं, उनके लिए एक रुपये का रिलीफ दिया गया है। क्या एक रुपये का रिलीफ देना मजाक नहीं है? जबकि आपने जिन ट्रेनों को सुपरफास्ट घोाित किया है, उनमें दस से लेकर पचास रुपये तक आपने गरीबों से सुपरफास्ट चार्ज ले लिया और दूसरी तरफ कहते हैं कि हमने तुम्हें एक रुपये का रिलीफ दिया है। यह हमारे यात्रियों के साथ एक बड़ा क्रूर मजाक है। आज भिखारी भी एक रुपया नहीं लेता है। भीख मांगने वाला भी कहता है कि साहब मुझे पांच रुपये दो तो मैं कुछ खा पाऊंगा, नहीं तो खा नहीं पाऊंगा। एक रुपये का रिलीफ देना मजाक है, यदि आपको देना है तो पांच रुपये नहीं, दस रुपये या बीस रुपये का रिलीफ दो। तभी ऐसा लगेगा कि आप कुछ रिलीफ दे रहे हैं। अन्यथा एक रुपये का रिलीफ देकर आप सारे जग को कह रहे हो कि मैं बड़ा दानेश्वरी हूं, मैंने बीस हजार करोड़ रुपये कमाये हैं, मैं आपको एक रुपया दे रहा हूं। इसका क्या मतलब है? मैं माननीय रेल मंत्री जी से कहूंगा कि इस एक रुपये के रिलीफ पर फिर से विचार करें और ऐसा रिलीफ दें, जिससे कम से कम गरीब यात्रियों को ऐसा लगे कि हमें वाकई कुछ रिलीफ मिला है। ये रिलीफ उन्हें देना चाहिए।

सभापति महोदय, यहां हमारे मित्र, श्री राम कृपाल यादव ने कहा कि यह बहुत शानदार बजट है। इसमें सबके साथ न्याय किया गया है। मुझे यह सुनकर बड़ा अचरज होता है कि सबके साथ न्याय कैसे किया गया है। जो वह कह रहे हैं, उससे ऐसा लगता है कि जिन्होंने उन्हें ब्रीफ किया है, वह गलत ब्रीफ किया है। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं, उन्होंने कहा कि गुजरात में पांच ट्रेनें चलाईं। माननीय लालू प्रसाद यादव जी ने जो पढ़ा, वही पूरा बजट है, उसमें सिर्फ तीन ट्रेनें हैं। एक छत्रपति साहू महाराज टर्मिनल से कोल्हापुर, अहमदाबाद की ट्रेन है। दूसरी ट्रेन वडोदरा-मेलाड चलाई, वह मेमू ट्रेन जैसी है। ऐसा नहीं है कि वह बहुत लम्बी ट्रेन है। तीसरी ट्रेन गांधीधाम-पालनपुर चलाई है। बहुत छोटे-छोटे अंतर की ये ट्रेन हैं। ये तीन ट्रेन इन्होंने चलाई हैं और कहते हैं कि पांच ट्रेनें चलाई हैं। जो बीच में से पास होती हैं, वे भी हमारी ट्रेनें गिनी जाती हैं। मैं कहना चाहता हूं कि रेल सुविधा के विकास का पूरे देश में जो बैलेन्स होना चाहिए, वह बैलेन्स्ड विकास नहीं है, यह बिल्कुल इम्बैलेन्स्ड विकास है। मैं यह कहूंगा कि गुजरात के साथ बार-बार अन्याय किया गया है। गुजरात से ही हमारे राज्य मंत्री जी यहां बैठे हैं। मैं उनसे यह रिक्वैस्ट जरूर करूंगा कि जो अन्याय हो रहा है, आप इस अन्याय को क्यों सहते हैं? आप कहिये कि गुजरात में जहां पर डवलपमैन्ट ज्यादा है, जहां रेवेन्यू ज्यादा है, आज सबसे अधिक जोन की जो इंकम होती है, वह वैस्टर्न जोन से होती है। इसके अलावा वैस्टर्न जोन की जो रेल लाइनें पास होती हैं, उनमें से 70 परसैन्ट रेल लाइनें गुजरात से पास होती है। फिर गुजरात को क्या मिला? गुजरात को सिर्फ तीन ट्रेनें मिलीं।

सभापति महोदय, इसके अलावा एक्सटैन्शन की जो बात बताई गई, उसमें 23 ट्रेनों में से एक ही ट्रेन साबरमती एक्सप्रैस को वाराणसी तक एक्सटैन्ड किया गया है। 23 ट्रेनों में से केवल एक ही ट्रेन को एक्सटैन्शन दिया गया है। बजट में बहुत सारे नये प्रोजैक्ट्स का प्रावधान किया गया है, लेकिन गुजरात को एक भी नहीं मिला। पांच सौ किलोमीटर की नई लाइन, पांच लाइन, लेकिन इनमें से एक भी गुजरात को नहीं मिली। हमारी राज्य सरकार ने दस नई रेल लाइनों के सर्वे के लिए रेल मंत्री जी से दरख्वास्त की थी, लेकिन उसमें कोई इंक्लूजन नहीं हुआ।

इसी प्रकार से बजट में 14 ट्रेनों की फ्रीक्वैन्सी बढ़ाई गई है। लेकिन गुजरात के लिए सिर्फ दो ट्रेनों की फ्रीक्वैन्सी बढ़ाई गई[MSOffice58]।

नई रेललाइनों में जो 18 नई रेललाइनों की घोाणा की गई, उनमें गुजरात के लिए एक भी नहीं है। गेज कंवर्जन के मामले में भी जो 17 रेलगाड़ियों के लिए घोाणा की गई है, उनमें गुजरात के लिए एक भी नहीं है। हमारी सरकार ने भी मांग की थी। गुजरात के सांसदों ने भी माननीय लालू प्रसाद जी को लिखा था, श्रीनारन भाई को भी लिखा था, हम वेलु जी से भी मिले कि भरुच और देहज के बीच ट्रेन शुरू की जाए तथा पाटन और समदड़ी के बीच तथा अहमदाबाद-उदयपुर और समदड़ी, इन सब के लिए हमने गेज कंवर्जन के लिए रिक्वेस्ट की थी। राज्य सरकार ने 9 दरख्वास्त की थी लेकिन हमारी एक भी दरख्वास्त रेल बजट में इंक्लूड नहीं की गई।

हमने डबलिंग की मांग भी की थी। आप जानते हैं कि माननीय श्रीनारन भाई भी आदिवासी एरिया से आते हैं। हमारे यहां सूरत से जो भुसावल तक सिंगल लाइन है और अहमदाबाद से साउथ बाउंड करीब 15-17 ट्रेन हैं, वे सब सिंगल ट्रैक से जाती हैं लेकिन सिंगल ट्रैक

से जाने से वे रेगुलरली बिल्कुल इररेगुलर हो जाती हैं। घंटों तक वे कोई न कोई स्टेशन पर पड़ी रहती हैं। उनके डबल ट्रैक के लिए हम वर्षों से मांग कर रहे हैं लेकिन आज तक इस बारे में कुछ नहीं किया गया। वे कहते हैं कि यह कमर्शियली वॉयबल नहीं है। कहते हैं कि हमारे आदिवासी एरिया का विकास करना है। विकास लाइन डाले बिना कमर्शियल वॉयबल कैसे होगा? इसलिए एक बार आप लाइन तो डालिए। मैं निवेदन करूंगा कि यह जो सूरत-भुसावल के बीच का सिंगल ट्रैक है, बिना विलम्ब उसे डबल ट्रैक का बनाना चाहिए। डबलिंग की मांग पूरी करनी चाहिए।

यहां पर जो फ्रेट कौरीडोर की बात हुई, माननीय रेल मंत्री जी ने भी उसकी घोाणा की कि ऐसा फ्रैट कौरीडोर वेस्टर्न साइड में भी बनेगा और वह नेहरू क्वाडिलेटरल टर्मिनल से दिल्ली तक जाएगी। यह अच्छा है लेकिन मैं यह पूछना चाहूंगा कि यह कब पूरी होगी? हमें एक लॉलीपॉप की तरह प्रोमिस दिया गया कि यह बन जाएगा लेकिन कब बनेगा, कितनी लागत से बनेगा, इसका कोई जिक्र इसमें नहीं किया गया। हमारी मांग है कि जो कांइला-भटिंडा रेल लाइन का विद्युतीकरण होना है, उसे जल्द से जल्द करना चाहिए। यह जो फ्रेट कौरोडोर है, उससे अगर इसे जोड़ा जाएगा तो सरकार को भी रेवेन्यू मिलेगा और वहां सारी सहूलियतें हम पैदा कर सकेंगे। मैं जिस निर्वाचन क्षेत्र से आता हूं, वहां पर एक हजीरा पोर्ट है, लाखों-करोड़ों रुपये का वहां पर इंवेस्टमेंट पड़ा है। अब हजीरा बंदरगाह से जो हमारी मुम्बई-दिल्ली रेल लाइन जाती है, इस से जोड़ने के लिए मीटिंग हो गई, इसके लिए किसे कितना पैसा देना है, वह भी हो गया लेकिन रेल बोर्ड या रेल मंत्रालय की ओर से इसमें आगे बढ़ने का काम अभी तक नहीं हुआ है। मैं चाहूंगा कि जो हजीरा बंदरगाह है, उसे मुम्बई-दिल्ली रेल लाइन से जोड़ा जाए तो इससे बहुत ही फायदा होगा। साउथ गुजरात में और पूरे हजीरा बंदरगाह में जितनी इंडस्ट्री हैं, उनका और विकास हो जाएगा। मैं कहना चाहूंगा कि चाहे वेस्टर्न ज़ोन हो, चाहे मुम्बई डिवीजन हो लेकिन वेस्टर्न जोन की जो रेल लाइनें हैं, 70 प्रतिशत गुजरात से पास होती हैं। हमारी मांग है कि जो वेस्टर्न रेलवे का हैड क्वार्टर है, उसे मुम्बई से लाकर अहमदाबाद में शिफ्ट किया जाना चाहिए।

इसी प्रकार से जो मुम्बई डिवीजन आज मुम्बई में है जबकि मुम्बई डिवीजन की जो रेल लाइन है, वह सूरत और सराउंडिंग एरिया में है। मुम्बई में सिर्फ 30 से 50 कि.मी. की रेल लाइन है। बाकी सभी सूरत के आस-पास हैं। हमने मांग की है कि जो रेल डिवीजन है, जो मुम्बई में है, उसे वहां से शिफ्ट करके सूरत में बनाया जाना चाहिए। इससे मुम्बई से जो भुसावल आज 500 कि.मी. है, वह 200 कि.मी. पर आ जाएगा। इसी प्रकार से जो हमारे यहां खासकर सूरत में, चाहे आन्ध्र के हों या बिहार के हों या तमिलनाडु के हों, लाखों लाखों को हम रोजी-रोटी देते हैं।

हम डायमेंड और टैक्सटाइल उद्योग में रोजगार देते हैं। हम चाहते हैं कि आने जाने के लिये उन लोगों के लिये रेल सुविधा बढ़ाई जाये। जो यू.पी. के रहने वाले लोग हैं, वे चाहते हैं कि वाराणसी तक सीधी ट्रेन चलाई जाये। बिहार वाले चाहते हैं कि पटना तक सीधी गाड़ी दी जाये। इसलिये मैं मांग करूंगा कि हमारे गुजरात के लाखों लोग, जो बिहार और यू.पी. के रहने वाले हैं, उनसे हमारे यहां एम्पलायमेंट जेनरेशन हो रहा है, उन्हें रेल की सुविधा दी जाये। मुझे विश्वास है कि माननीय रेल मंत्री जी हमारी मांग पूरी करेंगे।

सभापति जी, नवसारी चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स ने मांग की है कि नवसारी में कर्णावती एक्सप्रेस, अवध एक्सप्रेस और राणकपुर एक्सप्रैस का ठहराव दिया जाये जिसके लिये माननीय मंत्री जी ने हामी भरी थी।

सभापति जी, अंत में, एक बात कहकर मैं अपना भाण समाप्त करूंगा। गुजरात में साउथ इंडिया और विशेाकर केरल के लोग रहते हैं जिनके लिये दक्षिण भारत की तरफ जाने के लिये कोई सीधी ट्रेन नहीं है। हमारी मांग है कि तिरुअनंतपुरम-निजामुद्दीन तक जाने वाली ट्रेन का सूरत में स्टापेज दिया जाये। इसके अलावा मुम्बई-निजामुद्दीन सम्पर्क क्रान्ति एक्सप्रेस ट्रेन, जो सूरत से होकर निकलती है, उसका स्टापेज भी दिया जाये। इससे लोगों को अच्छी सुविधा मिल सकेगी। वलसाड़ से अहमदाबाद के लिये एक ट्रेन चलती है जो अहमदाबाद में दिनभर पड़ी रहती है। मेरी मांग है कि इसे पालनपुर तक बढ़ाया जाये जिससे लाखों यात्रियों को सुविधा मिल सकेगी।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका धन्यावाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिये समय दिया।

SHRI SANAT KUMAR MANDAL (JOYNAGAR):I heartily congratulate the Hon'ble Railway Minster for having presented 3 consecutive Railway Budgets without increasing the fares. Further

for his turning the lose-incurring Railways into a profit making. It is a great achievement. It is really a propeople railway budget.

I also welcome the introduction of number of Garib Raths, A TM facility, etc. Thrust is being given for safety and security aspects in the Railways. Provided freight reduction in number of essential items. All these measures would definitely benefit the common man. However, Railways is a Government entity and should not be profitmotive only. But, if such profits are mainly re-invested for the completion of various ongoing projects as well as for providing new railway infrastructure, it would be good for the overall economic development of the country.

Sir, I am to mention here about the significance of the Sealdah - Canning line. It is the second railway line constructed in the country. Under Sealdah South Section, the doubling project of railway line between Sonarpur to Canning is going on. I thank the Hon'ble Minister for the completion of First phase between Sonarpur to Ghutiari Sharif. I further request that the Second Phase (Ghutiari Sharif to Canning) should also be provided with adequate funds for speedy completion of this project. Because, Canning is the gateway of Sundarbans.

Sundarbans is a group of islands. Consists the largest delta of the planet, dense mangrove forests, National Park housing wide range of wild animals especially the world famous Royal Bengal Tigers. Totally it is a scenic beauty being visited by hundreds of tourists from within the country and also from abroad. Sundarbans earns foreign exchange to the country.

---

*The speech was laid on the Table.

Sundarbans is a rural area having all the administrative set ups at Kolkata.
Moreover, Kolkata is the nearest business centre for the people of Sundarbans. Therefore, the people of Sundarbans ultimately have to reach Kolkata for all their day to day economy needs. However, the manifold increase in population of Sundarbans demands for more rail services and better amenities.

Canning is the gateway of Sundarbans. A large volume of vegetables and marine products, especially the Crabs, are being exported from this region through the Canning Railway Station. In all respects, Canning is the very important railway station in Sealdah South Section. The Railway Department had aiready declared the Canning as a Model Station.

However, there are a number of demands from the railway commuters of Sealdah South Section, which are as follows:-

1. There is a proposal for extension of Sealdah - Canning Railway line upto Sonakhali. A survey was also carried out by IRCON. However, now extending the line upto Jharkhali, which is the tip of Sundarbans, will bring in more revenue to the Railways. Day by day, the tourists for Sundarbans are increasing but because of the absence of such facility, they are experiencing much hardship in taking up their journey. The extension of the Railway

line upto Jharkhali will also play an important role in the socio-economic development of the people of the area. There are two bridges over the rivers Malta and Hogal in this proposed line. One bridge is already over and another is on-going. Therefore, the connecting the land area through railway line is only left. Therefore, it is suggested that a re-survey should be conducted and the project should be taken up for the benefit of Sundarbans tourists.

2. Construction of an Over Bridge at Piyali Railway Station in Sealdah Canning line with level crossing facility for the smooth and safe moving of commuters and vehicular traffic;

3. Upgradation of Betberia Ghola halt station in Sealdah - Canning line into a regular station with all necessary passengers' amenities as the number of commuters to and from the station has increased considerably;

4. Installation of a new railway station between Canning and Taldi stations for the smooth journey of the students of B.S. College, Tangrakhali and the local people as the population of the locality has increased to a greater extent. This area is thickly populated and most of the passengers are belong to this area under this Section.

5. A special train may be introduced from Sealdah to Ghutiari Sharif station on every Thursday evening and a special train from Ghutiari Sharif to Sealdah on the next day i.e. friday considering the unusual influx of pilgrims for "Mazar" at Ghutiari Sharif;

6. Joynagar is a municipal town and commuters from different places around Joynagar avail trains from Joynagar Railway Station as transport facility is better at Joynagar. It is, therefore, suggested that the Joynagar Railway Station in Sealdah-Lakhmikantapur line should be upgraded and adequately renovated so that better amenities may be available to the passengers such as 'Pay & Use' toilet, waiting room facility, better drinking water facility.

7. Speedy completion of the First phase of the double lines in the Baruipur - Lakshmikantapur line from Baruipur to Dakshin Barasat Railway Stations;

8. Augmentation of security arrangements at different railway stations and inside the railway compartments in view of the spurt in decoities and other criminal activities;

9. Increase in number of trains in Sealdah - Canning and Sealdah Lakshmikantapur sections.

Keeping in mind the alarming increase in passengers and the existing number of trains is inadequate to cope with the situation.

Therefore, I urge upon the Hon'ble Railway Minister to consider the grievances of the much neglected people of Sealdah South Section and provide adequate budgetary provisions and steps to implement the said demands of Sundarbans.

SHRI VINOD KHANNA (GURDASPUR): The following are the demands of my constituency Distt. Gurdaspur. They are long pending and I hope this time you shall fulfill them.

DISTRICT GURDASPUR DEMANDS VIS-AVIS RAILWAYS

-

1. Dhauladhar Express to be changed from tri-weekly to a daily train.

2. Stopage of Superfast trains Puja Express, Malwa Express and other at Mukerian station.

3. A full-length first class AC compartment to be attached in auladhar Express.

4. Three-tier AC compartment to be attached to Dhauladhar Express.

Station of origin of Dhauladhar may be changed from old Delhi to New Delhi.

6. Changing the name of Chakki bank station to Pathakot Cantt.

7. Starting a daily Pathankot -Delhi-Pathankot Shatabdi Express.

8. Starting increased DMU service between Pathankot -Amritsar.

9. Provide stations at Parmanand, Jhakholari and Bharoli in Amritsar-Pathankot sector.

10. Construction of manned railway crossing at Mamoon, Pathankot and 7 other places in Gurdaspur.

11. Construction of ROB at Jhakolari.

12. Construction of Yatri Niwas at Chakki Bank station.

With regards,

---

*The speech was laid on the Table.

कुँवर मानवेन्द्र सिंह (मथुरा): सभापति जी, माननीय रेल मंत्री जी ने जो रेल बजट 26 फरवरी को प्रस्तुत किया है, मैं उसके स्वागत और समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : You can place it on the table.

कुँवर मानवेन्द्र सिंह : मैं बोलना चाहूंगा।

MR. CHAIRMAN: There are about 36 Members to speak from your side. You must bear it in mind.

कुँवर मानवेन्द्र सिंह : देश के तमाम वर्गों के लोग, चाहे वे मजदूर हों, किसान हों, गरीब हों, अमीर हों, मध्यम वर्ग के लोग हों, सब ने इस रेल बजट की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। जैसा माननीय रेल मंत्री जी ने कहा कि जिस तरह भगवान कृण ने गोपी-गोपियों को सहारा देकर उन्हें गोवर्धन पर्वत के माध्यम से मुसीबत से बचाया था, उसी प्रकार मैं दोनों रेल राज्य मंत्रियों तथा समस्त रेल अधिकारियों, कर्मचारियों को अपनी ओर से और भारतर्वा की जनता तथा इस सम्मानित सदन की ओर से हार्दिक बधाई देता हूं।

माननीय रेल मंत्री जी ने जनता पर बिना कोई बोझ डाले, बिना किराये में एक पैसे की वृद्धि किये रेल को मुनाफा दिया है, वह ि वशेा तौर पर बधाई के पात्र हैं। गत र्वा 14,700 करोड़ रुपये की तुलना में इस र्वा रेल ने 20 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। डि वडेंड भुगतान करने के बाद कर्मचारियों का फंड बैलेंस 349 करोड़ रुपये रह गया था। रेल विभाग में 14 लाख कर्मचारी हैं जिन्होंने बड़ी मेहनत से रेल की मदद की है।[s59]

19.00 hrs.

उसको उन्होंने काफी डिविडैन्ड देकर रेल कर्मचारियों की मदद भी की है जो मैं आगे आपको बताऊंगा। इसमें उन्होंने प्रथम नौ माह में जो रिकार्डतोड़ निपादन किया, नौ महीने में हमारी यात्री आय 14 प्रतिशत एवं अन्य कोचिंग आय में 48 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अभी तक दर्ज की गई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए कोचिंग माल सकल यातायात आय संशोधक क्रमशः अनुमान 17400, 1726, 42299 एवं 63120 करोड़ रुपये निर्धारित किये गये हैं जिसके लिए रेल मंत्रालय विशेा बधाई का पात्र है। यातायात आय गत र्वों की अपेक्षा 16 प्र ातिशत और बजट अनुमानों की अपेक्षा 5.5 प्रतिशत बढ़ने की संभावना इसमें प्रदर्शित की गई है जिसके लिए बधाई के साथ साथ आप सबका आभार भी हम व्यक्त करते हैं।

इसके अलावा जो विशेा बात है, रेलवे के 150 साल से अधिक के गौरवशाली इतिहास में शायद यह पहला र्वा है जब हमारा फंड बैलैन्स बढ़कर 16 हजार करोड़ रुपये और लगाई गई पूंजी पर रिटर्न का प्रतिशत, अर्थात् अभ्यार्थ पूंजी पर शुद्ध राजस्व रेशियो 20 प्रतिशत के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच जाएगा, ऐसी संभावना है।

भारतीय रेल का नाम विश्व की उन चुनिन्दा रेलों में शुमार हो जाएगा जिसकी ऑपरेटिंग रेशियो 80 प्रतिशत से कम है। लेकिन जहां मंत्री जी ने कहा कि हमें इस उपलब्धता से संतुट नहीं होना है, हमें उत्साह और जोश से लबालब रेलकर्मियों पर विकास की नई कहानी लिखनी है और भविय में आगे बढ़ना है। इसके लिए मैं आपको विशेा बधाई देता हूं। इसके साथ परिवहन में लगातार तीसरे साल हमारा प्रदर्शन शानदार रहा। लगभग 60 मिलियन टन की अतिरिक्त लोडिंग होने की संभावना उन्होंने प्रदर्शित की है। इसके साथ यूपीए सरकार के तीन र्वों में लगभग 179 मिलियन टन की अतिरिक्त लोडिंग हो जाएगी और 90 के पूरे दशक में हुई अतिरिक्त लोडिंग में 120 प्रतिशत से अधिक यह लोडिंग की व्याख्या की है जो कि अनोखी उपलब्धि है। इसके साथ मैं आपका ह्रदय से आभार व्यक्त करूंगा क्योंकि अभी हमारे साथी सांसद ने कर्मचारियों की बात इस सदन में की थी। मैं रेल मंत्री महोदय को इसके लिए बधाई दूंगा कि 14 लाख रेल कर्मचारी जिन्होंने रेल में निरंतर रात दिन काम करके इतना मुनाफा दिया है, उसके लिए उन्होंने बेमिसाल प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए रेलवे का वित्तीय कायाकल्प किया है। रेल कर्मचारियों को 59 दिन के बजाय 65 दिन के वेतन के बराबर बोनस का भुगतान कर उनका मनोबल बढ़ाया है। उसके लिए आप विशेा बधाई के पात्र हैं। इसके अलावा स्टाफ बैनिफिट फंड में रेलवे के अंशदान को प्रतिव्यक्ति 30 रुपये से बढ़ाकर 35 रुपये वार्षिक करने का प्रस्ता व है जिसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं।

अतिरिक्त अंशदान में तीन रुपये, प्राकृतिक आपदाओं में तत्काल राहत प्रदान करने के लिए दो रुपये, रेल कर्मचारियों के शारीरिक दृटि से विकलांग बच्चों को विशेाकर बालिकाओं की शिक्षा प्रदान करने और कामकाजी हुनर सिखाने के लिए किया जाएगा। आप इसके लिए विशेा बधाई के पात्र हैं। अभी हमारे सम्मानित सीपीआई(एम) के माननीय सदस्य कर्मचारियों की बात कर रहे थे। उसका विशेा ध्यान रखा गया है। इसके साथ साथ स्टाफ कालोनियों की स्थिति में आमूलचूल सुधार करने का प्रावधान रखा है। इसके लिए रखरखाव का भी प्रावधान

उन्होंने किया है। सार्वजनिक भागीदारी और सार्वजनिक निजी भागीदारी के सभी विकल्पों पर विचार किया जाएगा, भविय में इसका प्रावधान है। [H60]

हर दिशा में एक विशेा व्यवस्था, जो वैकल्पिक व्यवस्थाओं के प्रावधान किए हैं, इस तरह के बजट का प्रावधान न कभी सुना था और न ही कभी देखा गया, इसे आज मंत्री जी ने स्वत: साकार करके दिखाया है। इसके साथ-साथ कर्मचारी फेडरेशन को विश्वास में लेकर बड़े अस्पतालों में भर्ती, मरीजों और रिश्तेदारों के ठहरने की व्यवस्था, शहरों अर्थात दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में अस्पतालों के निकट 50 कमरे के रेस्ट हाउस बनाएं जाएंगे और कर्मचारियों के लिए रेलकर्मियों को मामूली चार्ज पर यह सुविधा प्रदान कराई जाएगी। इसके लिए मंत्री जी और आप सब विशेा बधाई के पात्र हैं। इसमें बीस हजार करोड़ रुपए के ऐतिहासिक सरप्लस, बेहतरीन ऑपरेटिंग रेशियो में 79 प्रतिशत, 667 मिलियन टन के लक्ष्य की तुलना में 726 मिलियन टन का रिकार्ड लदान, इसके अलावा अन्य बहुत सी बातें हैं, लेकिन मैं अधिक समय न लेते हुए इन्हें टेबल पर रख दूंगा, जिसे कि आप इसमें सम्मिलित करेंगे। आपने गरीब लोगों के लिए स्लीपर कोचेज़ में अच्छी सीटों की व्यवस्था की है, उसमें जो अन्य सवारियां सफर करती हैं, उन्हें भी इससे लाभ मिलेगा। आपने सुपर फास्ट ट्रेन में द्वितीय श्रेणी में टिकट पर लगने वाले सुपर फास्ट चार्ज में 20 प्रतिशत की कमी की है। नये डिजाइन के स्लीपर क्लास कोच में चार प्रतिशत की सामान्य कमी की जाएगी, यह आपने वायदा किया है। इसके अलावा चेयर कार के किराए में आठ प्रतिशत की और पीक सीज़न में चार प्रतिशत की कमी की जाएगी और लोकप्रिय गाड़ियों में चार प्रतिशत की कमी और की जाएगी, ऐसी कई चीजों में आपने कमी की है, उसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Thank you for your considerations. Now, please conclude. You have taken so much time. Now, you may lay the remaining portion of your speech on the Table of the House.

कुंवर मानवेन्द्र सिंह :महोदय, मैं अपने क्षेत्र की चार-पांच मांगें करूंगा। अहमदाबाद से मथुरा, सम्पर्क क्रांति रोकने की मैंने मांग की थी, हमारे रेल राज्य मंत्री जी उसी क्षेत्र से आते हैं, मैं उनसे अनुरोध करूंगा। माननीय रेल मंत्री जी ने गरीब रथ को मथुरा पर रोकने का, वहां पर ट्रेफिक मेम्बर को भी बुला कर आदेश दिया था, मगर गरीब रथ को मथुरा पर नहीं रोका गया। मेरा आपसे आग्रह है कि वहां उसे रोका जाए। मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मथुरा को विश्वस्तरीय स्टेशन की घोाणा करके 16 स्टेशन में शामिल किया है, आप उसके लिए बधाई के पात्र हैं। पिछली बार पटना, मथुरा-पटना की रेल की घोाणा की थी, वह अभी नहीं चल पाई है, उसे चलाया जाए। हमारे यहां से कोलकात्ता के लिए कोई ट्रेन नहीं है, केवल एक तूफान है। मैं बार-बार कहता हूं, आपसे अनुरोध करता हूं कि कोलकात्ता के लिए हमें गाड़ी दी जाए। इसके अलावा आपने हमारे यहां एक सर्वे करवाया है, मैं आपसे आग्रह करूंगा कि जो खुर्जा-राया रेल लाइन का सर्वे हुआ है, मेरे क्षेत्र में जो बाजना, नौझील, सुरीर, टेटीगांव, मांठ, राया को अगले बजट में शामिल करके काम शुरु कराया जाए। तीन फ्लाईओवर हैं, शहर में मछली मंडी, छटीकरा, छाता को करवाया जाए। वृंदावन को बड़ी लाइन से जोड़ा जाए। मैं अन्य बातें आपको लिख कर दूंगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अंत में एक विशेा बात कहता हूं, मैंने पिछली बार भी सदन में मांग की थी कि भारत रत्न से इन्हें यहां पर सुशोभित किया जाए, इसके लिए मैं भारत सरकार से सदन में मांग करता हूं, क्योंकि इन्होंने रेलवे को लाभ पहुंचाया है।[rep61]

सभापति जी, मेरा सुझाव है कि माननीय रेल मंत्री जी को 'भारत रत्न' की उपाधि से विभूति किया जाए। अन्त में, इन्हीं शब्दों के साथ, मैं समय देने के लिए आपका आभार प्रकट करता हूं।

* 1.हमारी उपलब्धियां

- 20,000 करोड़ रुपए का ऐतिहासिक सरप्लस
- बेहतरीन ऑपरेटिंग रेशियों (79 %)

- 667 लक्ष्य मिलियन टन के लक्ष्य की तुलना में 726 मिलियन टन का रिकॉर्ड लदान

2. <u>रेल यात्रियों को बजट का तोहफा</u>

- साधारण एवं गैर सुपरफास्ट एक्सप्रेस गाड़ियों के द्वितीय श्रेणी के किराए में प्रति यात्री 1 रुपए की कमी
- सुपरफास्ट गाड़ियों के अनारक्षित सुपरफास्ट चार्ज में 20 % की कमी
- प्रथम एसी तथा द्वितीय एसी के किराए में क्रमशः 6 % व 4 % की कमी
- नए डिजाइन के कोच के स्लीपर, चेयरकार तथा एसी थ्री टियर किराए में कटौती
- ई-टिकट पर लिए जाने वाले शुल्क में भी कमी
- आम जनता के लिए अनारक्षित द्वितीय श्रेणी में गद्देदार कुशन वाली सीटों का प्रावधान
- प्रत्येक नई रेलगाड़ी में 6 अनारक्षित द्वितीय श्रेणी के डिब्बों का प्रावधान तथा खुदरा व्यापारियों एवं दुग्ध विक्रेताओं के लिए वेंडर्स कोच की व्यवस्था
- वरिठ नागरिकों एवं 45 र्वा से अधिक आयु की महिलाओं के लिए लोअर बर्थ सुनिश्चित करने का प्रावधान
- कर्मचारी चयन आयोग तथा संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को द्वितीय श्रेणी में 50 प्रतिशत की रियायत

……. This part of the speech was laid on the Table.

3. <u>बजट में रेल सेवाओं में बढ़ोत्तरी का प्रावधान</u>

- सभी राज्यों को अधिक से अधिक रेल सेवाएं देने का प्रयास
- 8 जोड़ी गरीब रथ
- 32 जोड़ी नई गाड़ियां
- 23 जोड़ी गाड़ियों के सेवा में विस्तार
- 14 जोड़ी गाड़ियों के फेरों में वृद्धि

4. इस वित्तीय वर्ा में हमारा लक्ष्य

- 785 मिलियन टन लदान तथा 71 हजार 218 करोड़ रुपए की कुल यातायात आमदनी का लक्ष्य
- नई लाइन, आमान परिवर्तन, दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण को पिछले साल की तुलना में लगभग दोगुना करने की योजना

5. माल व्यवसायियों को राहत

- मालभाड़े में कोई वृद्धि नहीं
- डीजल एवं पेट्रोल के भाड़े में 5 प्रतिशत की कमी
- घरेलू उद्योग के लिए ढोए जाने वाले आयरन ओर के भाड़े में 6 प्रतिशत की कमी
- मालभाड़े की उच्चतम श्रेणी 220 से घटाकर 210 की गई

6. रेलवे सुरक्षा एवं संरक्षा पर विशेा ध्यान

- रेल सुरक्षा पर विशेा ध्यान, आधुनिक तकनीकी से मुख्य स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था
- आधुनिक उपकरण जैसे मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी तथा स्मार्ट वीडियों कैमरे के द्वारा सुरक्षा की चाक-चौबंद व्य वस्था
- आरपीएफ के आधुनिकीकरण तथा रिक्त पदों को भरने का अभियान
- ओवर-एज हो रही परिसंपत्तियों का नवीकरण
- दुर्घटना रोकने के हरसंभव प्रयास

7. भारतीय रेल को नं. 1 बनाने का प्रयास जारी

- डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर का निर्माण

- विश्वस्तर के स्टेशनों का निर्माण
- रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए बड़ी तथा महत्वाकांक्षी योजनाओं
- पीपीपी के माध्यम से लॉजिस्टिक्स पॉर्क एवं कृषि आउटलेट बनाने की योजना *

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) :महोदय, प्रस्तुत रेल बजट में मध्य प्रदेश तो उपेक्षित है ही किंतु मध्य प्रदेश का कटनी बीना रेल क्षेत्र जो गुड्स ट्रेक के रूप में जाना जाता है। नई सुविधाओं से पूरी तरह वंचित रह गया है जिससे सागर एवं दमोह संसदीय क्षेत्र के नागरिकों में गहन निराशा देखी जा रही है। यहां के लोगों में काफी असंतोा है कि एक भी नई ट्रेन इस रूट पर प्रारंभ नहीं की गयी एवं कुछ स्टेशनों पर पूर्व में चलने वाली ट्रेनों के स्टापेज की मांग की गयी थी वह स्टापेज भी नहीं किये तथा हीराकुंड एक्सप्रेस, क्षिप्रा एक्सप्रेस, राजकोट एक्सप्रेस एवं जबलपुर जम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेनों को सप्ताह के सातों दिन चलाने की मांग की जा रही थी। इन ट्रेनों के दिन भी नहीं बढ़ाये गये। रायपुर से लखनऊ गरीब रथ एक्सप्रेस जो कि सप्ताह में 2 दिन चलना प्रस्तावित है इस ट्रेन को रायपुर बिलासपुर कटनी सागर, बीना झांसी, कानपुर, लखनऊ इस रूट से चलाया जाना चाहिये। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि रायपुर, कटनी, मानिकपुर, झांसी शार्टकट है तथा कटनी, बीना, झांसी लम्बा रास्ता है जबकि दुर्ग छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति दुर्ग कटनी, बीना, झांसी निजामुद्दीन इसी रास्ते पर चल रही है तथा जबलपुर निजामुद्दीन सप्ताह में दो दिन नई ट्रेन वाया इटारसी प्रस्तावित है जो कि लंबा रास्ता है जबकि नजदीक रास्ता जबलपुर कटनी बीना झांसी निजामुद्दीन है इसी तरह जबलपुर से लखनऊ ट्रेन पूर्व से ही कटनी मानिकपुर झांसी कानपुर लखनऊ के रास्ते चल रही है। सागर से कानपुर, लखनऊ सीधी ट्रेन चलाने तथा रायपुर के लिये भी सीधी ट्रेन चलाने की मांग लंबे समय से की जा रही है।

अतः रायपुर लखनऊ गरीब रथ एक्सप्रेस की रायपुर बिलासपुर कटनी सागर बीना झांसी कानपुर लखनऊ इस मार्ग से चलाया जाना चाहिये।

मैं अपने संसदीय क्षेत्र की अन्य रेल संबंधित समस्याओं की ओर ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं।

1. सागर में 2 नं0 प्लेटफार्म पर बने टायलेट को तोड़कर शेड बढ़ाया जावे आगे टायलेट को तोड़कर उससे आगे बनाया जाये।
2. माल गोदाम को रतौना स्टेशन पर बनाया जाना चाहिए।
3. सागर स्टेशन इतना बड़ा स्टेशन है किंतु कुलियों की संख्या कम है। अतः कुलियों की संख्या को बढ़ाया जाये।

---

*The Speech was laid on the Table.

4. सागर स्टेशन पर कई बार देखने में यह आया कि प्लेटफार्म नं0 1 व 2 पर गाड़ी आने से पहले साधारण टिकट खिड़की पर एक ही खिड़की से टिकट मिलते हैं। दोनों प्लेटफार्मों पर गाड़ी आने से एक घंटा पहले से दोनों खिड़कियों पर साधारण टिकट बिक्री किये जाये।
5. सागर स्टेशन पर दुर्ग निजामुद्दीन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का तकनीकी कारणों से एक मिनट का हाल्ट दिया जाता है। इस ट्रेन का सागर एवं खुरई में कटनी एवं बीना की तरह कामर्शियल हाल्ट किया जाये, जिससे सागर वाली सीधे दुर्ग जा सकेंगे।

6. सागर स्टेशन पर बीना कटनी लाइन पर मालगाड़ियों का बड़ी संख्या में आना जाना होता है तथा स्टाफ यहां बदलता है। अतः यहां अक्सर मालगाड़ियां खड़ी रहती हैं। इन मालगाड़ियों के खड़े होने के लिये 3 नम्बर प्लेटफार्म का निर्माण किया जाये।

7. गनेशगंज स्टेशन पर पूर्व में उत्कल एक्सप्रेस का स्टापेज था जो समाप्त कर दिया गया है। उत्कल का पूर्व की भांति स्टापेज किया जाये।

8. खुरई रेलवे स्टेशन पर खुरई से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ने के लिये कोटा जाती है तथा व्यापारियों का भी बड़ी संख्या में आना जाना होता है। अतः खुरई स्टेशन पर जबलपुर कोटा एक्सप्रेस का पूर्व की भांति स्टापेज होना चाहिए एवं संपर्क क्रांति एक्सप्रेस व जबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस का खुरई में स्टापेज किया जाये।

9. नरयावली स्टेशन पर सवारी गाड़ियां प्लेटफार्म नं0 1 पर नहीं रूकती है। इसीलिए जरूआखेड़ा एवं नरयावली स्टेशनों पर फुटओवर ब्रिज का निर्माण शीघ्र कराया जाये।

10. जरूआखेड़ा स्टेशन पर कामायनी एक्सप्रेस, क्षिप्रा एक्सप्रेस व गोड़वाना एक्सप्रेस का स्टोपेज किया जाये।

11. नरयावली रेलवे स्टेशन पर 1271 एवं 1272 बीना इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस का 2 मिनट का स्टॉपेज किया जाये।

12. गनेशगंज, मकरोनिया, ईसरवारा, नरयावली, जरूआखेडा स्टेशनों पर धूप बारिया से यात्रियों के बचने के लिए शेड का निर्माण किया जाना चाहिए।

13. खुरई स्टेशन के प्लेटफार्म नं0 2 पर शेड की लम्बाई बढ़ाई जावे।

14. खुरई स्टेशन पर कम्प्युटराईज टिकट खिड़की शीघ्र प्रारंभ होना चाहिए।

15. सागर स्टेशन पर प्लेटफार्म नं0 1 के बाहर सौन्दर्यकरण हेतु कार्य चल रहा है। कार्य की गति बहुत धीमी है। इस कार्य को शीघ्रता से कराया जावे समय सीमा निश्चित होना चाहिए।

16. सागर स्टेशन रेलवे प्लेटफार्म नं0 1 व 2 जेबकतरी की घटनायें दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। इन्हें रोकने की तुरंत व्यवस्था की जा वे।

17. सागर स्टेशन आम प्रतिक्षालय शौचालय में हमेशा गंदगी रहती है। इसे साफ कराये जाने हेतु निर्देशित किया जाये।

18. सागर स्टेशन पर रेलवे इन्क्वायरी प्रणाली पूर्णतया ध्वस्त है। प्लेटफार्म नं0 2 में डीआरएम का सीजीएस लगाने का निर्देश अभी तक अनदेखा है। इसे तुरंत लगवाया जाये।

19. रीवा से कोयम्बटूर के लिये वाया कटनी सागर बीना इटारसी नागपुर हैदराबाद बंगलौर एवं कोयम्बटूर के मध्य सुपर फास्ट ट्रेन चलाये जाने की आवश्यकता है। इससे पूरे रेवांचल, बुंदेलखंड के लोग सीधे दक्षिण की यात्रा कर सकेंगे एवं रेलवे को अतिरिक्त आय मिलेगी।

20. सागर स्टेशन पर प्लेटफार्म नं0 2 पर जीआरपी की व्यवस्था अति आवश्यक है। इस प्लेटफार्म पर अक्सर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है।

21. सागर स्टेशन पर प्लेटफार्म नं0 1 व 2 एवं फुटओवर ब्रिज पर सफाई व्यवस्था का अभाव है। टायलेट गंदे व हमेशा बंद रहते हैं जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

22. मकरोनिया उपनगरीय स्टेशन पर सभी एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव होना चाहिए।

23. मकरोनिया स्टेशन के पास कानपुर, भोपाल राट्रीय राजमार्ग पर अक्सर गेट बंद रहता है। अतः ओवर ब्रिज का शीघ्र ही निर्माण कार्य कराना चाहिये।

24. डांगीडहर स्टेशन पर बिलासपुर भोपाल का स्टापेज किया जाना चाहिए।

25. ब्रिटिश शासन काल में नागपुर ललितपुर सीधे रेलमार्ग के निर्माण का सर्वे किया गया था। इसे आगे बढ़ाते हुए नागपुर ललितपुर सीधे मार्ग बनाये जाने के अभियान में छिंदवाड़ा सागर सिवनी की जनता को लाभ होगा बल्कि इस मार्ग द्वारा अन्य लोगों को भी लाभ होगा तथा दक्षिण भारत से दिल्ली जाने वाली प्रत्येक रेल को 400 कि0मी0 का सफर कम तय करना पड़ेगा और परियोजना पर आना व्यय भी अतिशीघ्र वसूल हो जावेगा।

26. देश के बड़े नगरों में सागर का स्थान 132वां है। इसके साथ ही रेल मार्ग से छिंदवाड़ा, सिवनी नरसिंहपुर आदि जिले के मुख्यालय भी देश की राजधानी से जुड़ जायेंगे। देवरी करेली लखनादोन सौसर आदि तहसील मुख्यालय भी इस रेल मार्ग से लाभान्वित होंगे। कुल मिलाकर लगभग 1 करोड़ की आबादी वाले आदिवासी क्षेत्र को लाभ होगा।

27. 2412 का कोटा बंद कर दिया गया है जिसे पुनः चालू किया जावे।

28. हबीबगंज-बाम्बे जो साप्ताहिक ट्रेन चलती है उसे लिंक ट्रेन बनाकर चलाया जावे।

29. जबलपुर-इन्दौर एक नई ट्रेन चलाई जावे। क्षिप्रा समय पर नहीं आ पाती अतः क्षेत्रीय जनता की मांग को देखते हुए उक्त ट्रेन चलाई जावे।

30. बीना जंक्शन से बीना इलाहाबाद की ओर एक नई ट्रेन चलाई जावे।

31. जबलपुर-जयपुर में स्लीपर एवं जनरल कोच के डिब्बों की संख्या बढ़ाई जाये।

32. कामायनी एक्सप्रेस अधिकांशतः उसे 5 घंटे लेट सागर आती है। यदि उसके टाईम टेबल में संशोधन कर सागर आने का समय 2.30 घंटा लेट कर दिया जाये तो सुबह 6 बजे सागर आयेगी, यात्रियों को रात्रि जागरण नहीं करना पड़ेगा।

33. छतरपुर सागर करेली रेलवे लाइन का सर्वे कराकर शीघ्र ही यहां लाइन डाली जाये। इस लाइन के प्रारंभ होने से बुंदेलखंड के इस क्षेत्र का तीव्र गति से विकास संभव हो सकेगा।

34. विक्लांग व्यक्तियों के लिये रेलवे कन्सेशन बनाने की कोइ गाइड लाइन निर्धारित है क्या? इस संबंध में जानकारी सभी स्थानों पर भेजी जाना चाहिए ताकि डाक्टर उसके अनुसार सर्टिफाई कर सके।

35. सागर के प्लेटफार्म नं0 2 के बाहर आरक्षण काउंटर के पास वाले रास्ते से ही शहर के अधिकांश यात्रियों का आना जाना होता है क्योंकि 80 प्रतिशत आबादी इस तरफ रहती है। अतः इस क्षेत्र में होटल एवं व्यावसायिक उपयोगिता को बढ़ाना चाहिए।

36. भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस आ साप्ताहिक है इसे सप्ताह में कम से कम 3 दिन चलाना चाहिए।

37. भोपाल, बिलासपुर ट्रेन को रायपुर तक बढ़ाना चाहिए ताकि इस पैंसेजर के रूप में ही चलाना चाहिए।

38. जबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस को सप्ताह के सातों दिन चलाना चाहिए यह वैणोंदेवी जाने वाले यात्रियों के लिए काफी उपयोगी ट्रेन है।

39. सागर स्टेशन के प्लेटफार्म नं0 2 पर कोच सायडिंग सिस्टम लगाना चाहिए।

40. सागर के प्लेटफार्म नं0 2 पर बना शेड काफी छोटा है यात्रियों को धूप, बारिश में असुविधा होती है। इसे अंत तक बढ़ाना चाहिए तथा पूरे प्लेटफार्म पर सफाई की दृटि से कोटा स्टोन लगाना चाहिए।

41. सागर से भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस चलायी जानी चाहिए।

42. सागर स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज की लम्बाई बढ़ाकर दोनों तरफ सड़क के पास जोड़ा जाना चाहिए। पूर्व में आश्वासन भी दिया गया था।

43. सागर स्टेशन पर रैम्प रिपटा नहीं होने से वृद्ध, विक्लांगों एवं मरीजों को काफी असुविधा होती है। अतः रैम्प होना चाहिए।

44. सागर स्टेशन पर बने फुट ओवर ब्रिज की चौड़ाई कम होने से दोनों प्लेटफार्मों पर एक साथ गाड़ियों के आने पर यात्रियों को काफी असुविधा होती है।

45. चिरमिरी दमोह ट्रेन को सागर तक बढ़ाना चाहिए।

46. गोड़वाना एक्सप्रेस का सागर पहुंचने का समय रात्रि में 2.05 हो गया है जिससे यात्रियों को काफी असुविधा हो रही है। इसे पू र्ववत किया जाना चाहिए।

47. गोड़वाना एक्सप्रेस को जबलपुर से पूरी ट्रेन के रूप में चलाना चाहिए क्योंकि यह रेलवे का काफी राजस्व देने वाली गाड़ी है तथा दमोह सागर के यात्रियों को इसमें रिजर्वेशन तथा जगह नहीं मिल पाती।

48. सागर के 2 नं0 प्लेटफार्म तरफ के साईकिल स्टैण्ड अन्यत्र शिफ्ट करके रोड को चौड़ा किया जाना चाहिए क्योंकि माल गोदाम के ट्रक रास्ते में लाइन से खडे रहते हैं जिससे यात्रियों को वहां से निकलने में काफी असुविधा होती है तथा कई बार ट्रेन भी छूट जाती है।

49. सागर के आरक्षण भवन में रिजर्वेशन एवं टिकट खिड़की पास पास होने से या9यों को काफी असुविधा होती है। भीड़ लगी रहती है। वहां जगह भी पर्याप्त है। अतः रिजर्वेशन एवं टिकट खिड़की के भवन पृथक पृथक कर देना चाहिए।

50. सागर स्टेशन संभागीय मुख्यालय आर्मी का केन्द्र भी है किंतु वीआईपी वेटिग रूम नहीं है बनना चाहिए पूर्व में आश्वासन भी दिया गया था, किंतु अभी तक नहीं बना, शीघ्र बनना चाहिए।

51. खुरई तथा सागर में छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति का कामर्शियल हाल्ट होना चाहिए। सागर से आरक्षण कोटा निर्धारित होना चाहिए।

52. बीना में अप डाउन ट्रेनों की कोच पोजीशन सुविधा मिलना चाहिए। डिसप्ले कोच पोजीशन हेतु जो बीना में नहीं मिली बीना सागर रेलवे दूरभाा सेवा का सीधा कनेक्शन होना चाहिए।

53. बीना रेलवे स्टेशन पर रेलवे इन्क्वायरी नम्बर हमेशा व्यस्त रहता है अतिरिक्त टेलीफोन लाइन शुरू की जाये।

54. बीना जंक्शन पर गाड़ियों की संख्या अत्यधिक है तथा कई बार प्लेटफार्म खाली न होने से आउटर पर रोक दी जाती है। अतः अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माण किया जाना चाहिए।

55. बीना से गुना लाइन पर आनन्दपुर ट्रस्ट प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है गोवा व अन्य गाड़ियों का 15-15 दिन मेले के समय स्टापेज किया जाता है। अतः गोवा एक्सप्रेस, पुपक एक्सप्रेस, नांदेड़ सचखंड एक्सप्रेस का बीना में स्टापेज निर्मित होना चाहिए।

56. एक दिसम्बर, 2006 की समय सारणी के द्वारा बीना रेलवे स्टेशन से भोपाल की ओर रात्रि में 8.10 बजे के बाद 12.25 तक कोई गाड़ी नहीं है। अतः सचखंड एक्सप्रेस एवं गोवा एक्सप्रेस का हाल्ट बीना स्टेशन पर प्रदान किया जाये।

57. बीना स्टेशन पर डिजीटल क्लाक स्टेशन पर लगाना अनिवार्य है तथा गाड़ी सहित डिजीटल डिसप्ले की व्यवस्था होनी चाहिए।

वे बोर्ड के पास पड़ा हुआ है। कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि उसे अभी तक मंजूरी नहीं दी गई। इसका क्या कारण है, यह पता नहीं चला। इस भूसम्पादन के प्रस्ताव को कलम 4 की प्रसिद्धि के बाद एक वर्ा के भीतर कानूनन 6 की मंजूरी मिलनी चाहिए, नहीं तो कलम 4 की कार्यवाही व्यवगत हो जाती है। फिर से भूसम्पादन का कार्य करना पड़ेगा। इसका क्या कारण है, यह पता नहीं है, लेकिन इन्होंने उसे किया नहीं है। बीड जिला प्रशासन ने इस बात को बार-बार रेलवे मंत्रालय के ध्यान में लाया। 8.02.06, 16.10.06, 30.12.06, इन प्रार्थना पत्रों द्वारा रेल बोर्ड को सूचित किया गया। लेकिन बोर्ड ने उस पर जानबूझकर नजरअंदाजी की। बोर्ड ने अब तक उसे मंजूरी नहीं दी है। किसानों के करीब 14 करोड़ रुपये जिला प्रशासन नहीं दे सका। आखिर इस प्रस्ताव को समय सीमा के अंदर मंजूर न करने का क्या कारण है। 83.75 करोड़ रुपये तो पड़े हुए हैं, प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, फिर मंजूरी क्यों नहीं दी गई। इस मंजूरी के लिए मैंने स्वयं सदन में 3.08.2005 और 28.11.2005 को नियम 377 के अंतर्गत इस मामले को उठाया। मैंने 1.03.2006 के रेल बजट भााण में भी इसे उठाया। इतना ही नहीं, मैंने 4.04.06, 7.05.06, 17.06.06, 17.09.06 को माननीय रेल मंत्री जी को स्वयं पत्र लिखकर इस प्रस्ताव की मंजूरी की मांग की, लेकिन रेल मंत्री जी और रेलवे बोर्ड के कान पर जूं भी नहीं रेंगी। यह दुर्भाग्य की बात है।...(व्यवधान) मेरा समय बहुत है, मैं एनसीपी पार्टी की तरफ से बोलने वाला अकेला व्यक्ति हूं।...(व्यवधान) मेरी पार्टी से दूसरा कोई सदस्य बोलने वाला नहीं है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : यह पार्टी का मामला नहीं है।

...(व्यवधान)

श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील : आप मुझे मेरी पार्टी के 15 मिनट दे दीजिए।

सभापति महोदय : आपके 15 मिनट नहीं हैं, केवल 5-5 मिनट ही बोलने का समय दिया जा रहा है।

...(व्यवधान)

श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील : ऐसे कैसे कर दिया गया है?...(व्यवधान)

सभापति महोदय : कैसे कर दिया, यह मैं नहीं जानता, लेकिन मुझे ऐसा ही बताया गया है। अभी 80 माननीय सदस्य और बोलने वाले हैं।

...(व्यवधान)

श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील : जितने सदस्य बोलने वाले हैं, वे सब पार्टी की तरफ से ही बोलने वाले हैं। कृपया आप मेरी बात सुनिए। आप मुझे मेरी पार्टी का समय दे दीजिए, मैं दूसरी पार्टी का समय नहीं लूंगा।...(व्यवधान) मैं समय से पहले अपनी बात समाप्त कर दूंगा। प्लीज़, आप मेरी बात सुनिए।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : ठीक है, आप दो-तीन मिनट और बोल लीजिए।

श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील : सभापति महोदय, इतना ही नहीं, क्या इसी तरह यह काम चलेगा? यहां गरीब रथ की बातें हो रही हैं, दूसरे दर्जे की सीटों को गद्देदार बनाने की बातें हो रही हैं। 20 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा बताया जा रहा है। बड़े भाई, इसमें से थोड़ा सा अहमदनगर-बीड परली (वै.) रेल लाईन को भी दे दीजिए।

मेरा क्षेत्र स्वतंत्रता सेनानियों का क्षेत्र है, मजदूरों का क्षेत्र है। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि वे स्वतंत्रता सेनानियों को समझें, उनके त्याग को समझें, तपस्या को समझें, साधना व भावना को समझें, उनकी मांग को समझें। जिन्होंने निजाम से लोहा लिया, अंग्रेजों से लोहा लिया, पुर्तगालिओं से लोहा लिया है। आज अगर वे न होते, न लड़ते, तो हम यहां नहीं होते। वे मांग-मांग कर क्या मांग रहे हैं केवल एक रेल । क्या उनकी तपस्या और त्याग के बदले में हम इतना नहीं कर सकते, क्या मेरे क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी और मजदूर कभी रेल में बैठे ही नहीं, ऐसी रेल विभाग की मंशा है? इसका क्या कारण है? मैं माननीय रेल मंत्री जी से गत नौ वर्ों से अहमदनगर-बीड परली (वै.) इस नई रेल लाइन की मांग कर रहा हूं। सबके साथ कई बैठकें, चर्चाएं, सदन में नियम 377, रेल बजट पर भााण और माननीय रेल मंत्री जी को मैंने कई पत्र लिखे हैं, लेकिन न्याय नहीं मिला। क्या हम यूपीए के अंग नहीं हैं? यह बहुत बड़ा स वाल है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप इनसे पूछिए कि ये आपको यूपीए का अंग मानते हैं या नहीं।

श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील : मैं आपके माध्यम से सबसे पूछ रहा हूं। क्या आप हमारी सपोर्ट का कोई मतलब, उपयोग या जरूरत महसूस नहीं करते? ...(व्यवधान) मैं एक शेर सुनाना चाहता हूं :-

जिंदगी को दुआ न दे जालिम, जिंदगी किसको रास आयी है,

गैरों से शिकायत क्या करें, हमने अपनों से चोट खाई है।

सभापति महोदय : उन्हें -

गैरों से नहीं फुरसत, वे अपनों से नहीं खाली,

चलो हो चुका मिलना, वो न खाली न ये खाली।

श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील (बीड) : हमारी पूरी NCP की एक ही मांग है कि आप जल्द से जल्द अहमदनगर-बीड-परली वैद्यनाथ इस रेल लाइन का निर्माण करें। इसके लिए आप वर्ा 2007-08 में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान करें। मुझे एक गाना याद आ रहा है जिसकी एक पंक्ति मैं सदन में सुनाना चाहता हूं।

सभापति महोदय : क्या रेल में गाना गाना जरूरी है?

श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील : मैं करूं किससे गिला, जब आलमपनाह ने लूट लिया।

जिससे न्याय की अपेक्षा है, अगर वही अन्याय करने लगे, तो हम तकरार करें किसके पास ? माननीय रेल मंत्री, रेल विभाग और देश के सबसे बड़े सदन से अगर न्याय नहीं मिलता, तो क्या हम सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटायें? हमारी सुनवाई कौन करेगा?

माननीय सभापति महोदय, आप रेल मंत्री जी को आदेश दीजिए कि वे वर्ा 2007-08 के बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान अहमदनगर-बीड-परली वैद्यनाथ रेल लाइन के लिए करें। बीड जिले के सभी तबकों के स्वतंत्रता सेनानी, आम नागरिकों ने, सेवाभावी संस्थाएं, पत्रकारों समेत सभी संगठनों ने इस मांग के लिए सभी प्रकार के आंदोलन किये हैं। दिन-ब-दिन ये आंदोलन उग्र रूप धारण कर रहे हैं। आम जनता की यह भावना है कि इस रेल लाइन को पूरा किया जाये। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा प्रावधान किया जाये लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

सभापति महोदय, क्या महात्मा गांधी के इस देश में अहिंसात्मक व लोकतंत्रीय ढ़ंग के आंदोलन का कोई महत्व नहीं रहा? किसी मांग को पाने के लिए क्या आपको हिंसात्मक आंदोलन अपेक्षित है? राट्रीय सम्पत्ति का नुकसान अपेक्षित है। आपके और हमारे सर्वोच्च नेताओं के पुतले फूंकना अपेक्षित है? हमारी जायज और पुरानी मांग को नकार कर क्या आप हमें अहिंसात्मक मार्ग छोड़ने का संकेत दे रहे हैं?

सभापति महोदय, मैं फिर आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री महोदय से प्रार्थना करता हूं कि उन्होंने वर्ा 2007-08 के रेल बजट में जो केवल 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, कृपया उसे बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये करें। भू सम्पादन के प्रस्ताव को तत्काल मंजूरी दे। इतना ही नहीं आज तक का प्रावधान करीब 83.57 करोड़ रुपये और जो आप आज बढ़ाकर देने वाले हैं, दोनों मिलकर वर्ा 2008 मार्च तक पूरा खर्चा करें और इस प्रौजेक्ट को पूरा करने की समय सीमा निश्चित करें। इसी के साथ मैं अपना भााण समाप्त करता हूं।

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : महोदय, वर्ा 2006-07 की रेलवे अनुदान की पूरक मांगों पर चर्चा में मैं कुछ बिंदुओं का समावेश कराना चाहता हूं। इस वर्ा भी निरन्तरता से मुनाफे का रेल बजट देने के लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं। यह आशा बढ़ रही है कि माननीय लालू प्रसाद यादव जी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे विश्व स्तर की रेलवे बन सकेगी।

माननीय रेल मंत्री जी ने बजट भााण में लखनऊ से सीतापुर लखीमपुर होते हुए पीलीभीत तक आमान परिवर्तन का आश्वासन दिया है। पूरे क्षेत्र में इस आश्वासन पर प्रसन्नता व्यक्त की जा रही है। निश्चित रूप से यह एक महत्वपूर्ण फ्रेट कोरीडोर बनने जा रहा है। परंतु यह भावना भी व्यक्त की जा रही है कि इस प्रखंड पर यह आमान परिवर्तन पीलीभीत से चालीस किलोमीटर आगे बरेली तक ले जाने के लिए सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का काम करेंगे। इसके पूरा होने पर जनपद लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, पीलीभीत तथा बरेली के नागरिकों को राट्र की मुख्य धारा में आकर विकास करने का अवसर मिल सकेगा।

जनपद खीरी में दुधवा नेशनल पार्क है, जिसके मध्य से होकर रेल लाइन गुजरती है। इस ट्रेन से कई बार दुर्घटनाएं हुयी हैं तथा बाघ, हाथी इत्यादि बहुत से संरक्षित वन्य प्राणियों की मौतें हुयी हैं। इस कारण इस रेल की पटरी को समाप्त करके दुधवा नेशनल पार्क के बाहर से पलिया, मजगई, निधासन, सिंगाही होते हुए बेलरायां तक नई रेल लाइन बिछाने की मांग उठायी जा रही है। इस वैकल्पिक मांग के माध्यम से लाखों की तादाद में क्षेत्रीय नागरिक लाभान्वित होंगे, जबकि जंगल से होकर गुजरने वाली रेल लाइन पर आबादी क्षेत्र न होने के कारण वह ज्यादातर अनुपयोगी बनी रहती है। मैं स्मरण कराना चाहता हूं कि इस रेल मार्ग के आमान परिवर्तन का कार्य पिछले वर्ाों में ही लिया जा चुका है। अतः यह काम आसानी से किया जा सकता है।

पलियाकलां रेलवे स्टेशन (एनईआर) एक महत्वपूर्ण पर्यटन केंद्र से संबद्ध है, जहां पूरे भारत वर्ा से लोग आते हैं, परंतु इस स्टेशन पर कंप्यूटर आरक्षण सुविधा न होने के कारण यात्रियों को बहुत ज्यादा असुविधा का सामना करना पड़ता है। अतः आपसे अनुरोध है कि इस संबंध में शीघ्र निर्णय लेने का कट करें।

इस स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का भी अभाव है तथा प्लेटफार्म भी छोटा है। माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि पलिया रेलवे स्टेशन का उच्चीकरण करने तथा यहां पर एक यात्री निवास का निर्माण कराने का कार्य करें, ताकि बड़ी तादाद में आने वाले पर्यटकों को रुकने की सुविधा मिल सके।

---

*The speech was laid on the Table.

पूर्वोत्तर रेलवे के इस प्रखंड पर कुछ महत्वपूर्ण रेलवे क्रासिंग हैं, जिन पर आरओबी बनाने की आवश्यकता है। पिछले काफी समय से इस बात के लिए आग्रह किया जा रहा है कि गोला गोकर्णनाथ स्टेशन के पास मतलया रेलवे क्रासिंग, घरधान रेल क्रासिंग तथा जनपद मुख्यालय लखीमपुर में स्टेशन के पास तथा शहर से लगे हुए राजापुर रेलवे क्रासिंग पर आरओबी प्राथमिकता से बनाए जाने की आ वश्यकता है। इसी रेल प्रखंड को आमान परिवर्तन के लिए भी प्रस्तावित किया जा रहा है। मेरा अनुरोध है कि इसी दौरान यह कार्य भी पूरा करने का कट करें।

शाहजहांपुर से गोला गोकर्णनाथ तक नयी रेल लाइन का सर्वे अद्यतन किए जाने का प्रस्ताव आपके द्वारा विगत वर्ाों में किया गया था। जिसे गोला गोकर्णनाथ से आगे बढ़ाकर मजगई निधासन होते हुए वेलरायां तिकुनिया तक कराने का कट करें।

रेलवे की यात्री ढुलाई एवं माल ढुलाई सेवाओं की गति बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए विशेा योजना बनाए जाने की आ वश्यकता है। यह एक जाना माना सूत्र है कि ट्रैफिक की गति बढ़ने से अर्थव्यवस्था की गति दोगुनी हो जाती है। अतः यह विशेा विचार का बिंदु है।

रेलवे की कैटरिंग सेवाओं में परिवर्तन लाया जा रहा है। मेरा आपसे अनुरोध है कि इस संबंध में विशेा इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाए जाने की आवश्यकता है। यह रेलवे की आय बढ़ाने का माध्यम है। अतः इस पर विशेा अध्ययन करते हुए गुणवत्ता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।

जिस प्रकार से हिन्दुस्तान के अंदर राट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण बनाकर राजमार्गों का विकास किया जा रहा है, उसी प्रकार भूमंडलीकरण के इस युग में पश्चिमी यूरोप से मध्य-पूर्व होते हुए दक्षिण पूर्व एशिया के समुद्री तट तक एक अंतर्राट्रीय रेल कोरिडोर की आ वश्यकता महसूस की जा रही है। आज भारतीय रेल का चेहरा बदल रहा है तथा इस मेगा प्रोजेक्ट को जमीन पर ला पाने में भारतीय रेल सक्षम है। ऐसा हमारा सभी का विश्वास है। मैं समझता हूं कि यह अंतर्राट्रीय मेगा प्रोजेक्ट भारत सरकार के लिए तथा भारतीय रेल मंत्री जी के लिए एक बड़ी चुनौती है, जो भूमंडलीकरण के युग में भारतीय नौजवानों के लिए नयी दिशा प्रदान करने का आधार खड़ा करेगा। भारत र्वा एक तेजी से आगे बढ़ती हुयी अर्थव्यवस्था के तौर पर अपनी पहचान बना चुका है और पूरी दुनिया से भारी तादाद में लोग हिन्दुस्तान आ रहे हैं। मैं आशा करता हूं कि यह अंतर्राट्रीय रेल परियोजना हिन्दुस्तान के त्वरित आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इस संबंध में यह स्मरण कराना आवश्यक है कि पड़ोसी राट्र चीन द्वारा हिमालय के आर-पार एक महत्वाकांक्षी रेल योजना स्थापित की गयी है, जिसका लाभ चीनी अर्थव्यवस्था को मिल रहा है। अतः भारतीय रेल के लिए नयी पहल किया जाना आवश्यक है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI P.C. GADDIGOUDAR (BAGALKOT): Sir, I would like to bring to your kind notice regarding the Railway Budget. Sir, after going through the Budget Copies I had been surprised, that the funds provided to Karnataka State is very meager and inadequate. There are so many ongoing Railway Projects in our Karnataka State to complete the all projects we required the huge funds.

Sir, Gadag-Bagalkot Gauge conversion project is to be completed expediationaliously, anyway I am happy the project was included in the fixed target.

Sir, in my Bagalkot Constituency we have sugar and cement industries. For transportation and development of those industries we need Railway facility. Ilkal town in my district is noted for its silk sarees and red granite stones world wide to develop the said city, we must have a new Railway line. In my Constituency there are world historical places like Pattadakal, Aihole, Badami and Kudalasangam. To improve the Tourism we need Railway facility.

Hence, I request the Hon'ble Railway Minister for development of my Bagalkot district the following new Railway projects may please be approved and included in the present Railway Budget.

(i) Shahabad (Gulbarga Dist.) – Bagalkot - Kudachi (Belgaum Dist.)

(ii) Hospet to Almatti

*The speech was laid on the Table.

DR. R. SENTHIL (DHARMAPURI): Sir, I rise on behalf of *Pattali Makkal Katchi* and on behalf of our beloved *Ayya*, Dr. Ramadoss, to support the fantastic Budget proposed by our hon. Lalu *ji* for the Railways for 2007-08.

Sir, on the day when the hon. Minister presented the Budget, there was a huge noise in Parliament. People tried to suppress his voice but the next day, newspapers all over the country applauded the Budget. They said that this is the best Budget ever presented. Those who made noise may know the news. That is the very justification to say that this is a fantastic Budget. I am not going to the extreme details as to why it is a fantastic Budget but I would like to say a few words. The key of Lalu *ji* and his fellowmen have transformed the Railways from a loss-making body into a profit-making body. It is the best example of a public sector to show that it can perform like a private sector and even better than any other private sector in the country. We should notice the performance ratio of 78.7 per cent. The record of Indian Railways is also considered as one of the best in the world, and that speaks of the performance of the Railways.[MSOffice65]

They have done so many things to make profit. They have made sure that no wagon goes empty; they have made sure that no seats are empty and they have done this. Our hon. Ministers Shri Lalu Ji and Shri Velu Ji had been the two rails and they are carrying India forward. They did not behave like just the Chief Executive Officers; they behaved as men of true hearts. They have thought of who travel in the unreserved classes; they made sure that they get cushioned seats. They also took care of those men and women who are above 45 years and made sure that they get lower berths.

I have only a very few points to mention. I congratulate the Ministry for ensuring that there will be a drive for recruitment of SCs/STs. I only request the hon. Minister to extend it for OBCs. He has mentioned that the Railways would pursue aggressively to ensure 27 per cent reservation. I want to say only one thing. The UPSC has not done well with regard to reservation. Sorry for mentioning this here. But when we go into the records, UPSC actually had cheated. They had actually given reservation for those candidates who actually would qualify under open category. This has to be looked into. Unfortunately we do not have a Parliamentary Forum for OBCs. I request the Ministry of Railways to go into the details and ensure that actually 27 per cent reservation is implemented fully for SCs/STs.

Of all the schemes that I am going to applaud, there is only one scheme that I want to congratulate the Ministry for. This is about Salem Division. It is our dream for more than 50 years. It is very much required. Our hon. Members have mentioned here that people of Kerala and Tamil Nadu are brothers. True. We are brothers and hence our ancestral property has to be divided equally among ourselves. 1,332 kms. in this Palghat Division is going to be divided equally. Correct. If you see the facts, even after division, there will be six more Divisions which will have far less than 500 kms. in the whole nation. It is a custom to divide larger States for administrative reasons. They had divided Bihar into two huge States. Even in Tamil Nadu, we have

a demand that it should be divided into two for administrative reasons. We have so many districts that had been divided. … (*Interruptions*) Take the examples of Bihar. Jharkhand is bigger area-wise.

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): He has quoted a very good example! We also approve of that.

DR. R. SENTHIL : Even after division, 8800 employees will be with Palakkad Division and only 8200 employees with the Salem Division. After division, Palakkad Division will have Rs.260 crore as income whereas Salem Division will have only Rs.200 crore as income. Some people say that the division will take away the income of Palakkad Division. I want to say that income is not the income of Palakkad Division or Salem Division. It goes into the Central kitty of the Railways; it will go into the Railways Budget and divided equally among various sections.

Salem Division was a demand and a dream for us. I thank the hon. Minister for ensuring that it will be operational as early as possible and also for allocating money for immediate operation.

I have a couple of small demands which I will present. I thank the hon. Minister for ordering a survey for a link between Morapur and Dharmapuri. I would only request him to expedite the survey and start the work at the earliest.

He had said that they have reduced the fares of passenger trains. But what I am looking at is many passenger trains have been converted into express trains, thereby increasing the fares by Rs.20. I just would like to know how many passenger trains the Ministry had introduced in the last few years. Now, the passenger trains have become non-profitable and hence, no new passenger trains had been introduced. The Ministry of Railways is not a profit making firm alone; it has got social commitments. Railways should continue to operate more and more passenger trains. Railways cannot be fully passenger-oriented company; it should serve the social obligation.

So, I request for more and more passenger trains to be operated. I thank you for increasing the number of unreserved coaches, which is a social commitment. Likewise, I request that the Jolarpet-Erode Passenger train may be extended up to Tirupati.

I have another couple of small demands which I would read out. A new railway line was requested between Tiruvanmiyur-Mahabalipuram. A survey had been done. I request that the work on that line may be taken up early. Kanchipuram-Arakonam line needs electrification. I request the Railway Minister to expedite the work. Likewise, they can plan for a circular train from Chennai-Chengleput-Kancheepuram-Avadi-Central. [MSOffice66]

It will have a huge potential because it is a very important trade link.

I would request a train link between Puducherry to Chennai and operation of a Shatabadi Express is requested. Karaikkal, a backward area in Puducherry State has got no train linkage. I would request the hon. Minister to do some study to get Karaikkal on the train map. Likewise, Puducherry-Bangalore-Hyderabad link is requested. Some survey had been done. I request that this should be made operational.

I do not want to make any division on language. Language is the most important communicator. While appreciating the Budget speech, I would say that there were quite a few Hindi poems which I could not understand. Since I do not understand Hindi, I would have appreciated if a translation had been given along with the speech. In future I request that the Railway Budget speech may be given in all the 18 languages so that everybody gets the copy in his mother tongue.

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): Sir, I hope the Budget on Railways 2007-08 will be approved with the following additional points.

1. That the provision of Rs. 3 crores for the newly formed Salem Division shall be withdrawn if its boundaries are not altere. As of now there is great injustice of having taken more than 60% of the existing Palghat Division in Southern Railway. This will in effect reduce Palghat Dn. to a miniscule. If a new Division is to be formed with Salem as Headquarters its area must be carved from all the nearby Division like Chennai, Bangalore, Madurai, Thiruchirapally apart from a similar portion from Palghat Division. I request that till such re-forming of boundaries the further proceedings regarding Salem Dn. may be stopped.

2. The Hon'ble Minister of Railways has assured Members of Parliament from Kerala, that the question of Salem Dn. will be finalized only after a discussion with the Chief Minister of Kerala and Tamil Nadu. The time within which such a Conference was to be held has long expired. Hence I request that such a Conference may be called immediately.

3. The prestigious new Railway line sanctioned to Sabarimala from Angamali has been allotted only ten crores of rupees. This is totally insufficient. At least Rs. 100 crores should have been allotted and construction work started without delay.

4. A new Railway Zone should have been sanctioned with H.Q. in Kerala as a South East Railway.

5. More amount should have been allotted for doubling of Railway lines in Kerala.

6. More trains may be sanctioned from Kerala to Bangalore. At least one daily train may be sanctioned as aforesaid.

---

*The speech was laid on the Table.

7. There are several cases where passengers in long distance trains while getting seriously ill are deprived of due medical assistance. So a doctor should be posted in all long distance trains.

8. A Railway Sports Complex should be starred in Cochin, Trivendrum or Kozhikode.

9. Licenced Railway Porters are in great difficulty as they do not get enough job. They may be given jobs in parcel loading or their co-operatives or welfare societies may be given priority in parcel loading

contract works.

10. A Railway over bridge may be constructed at Mulamithuruthy and a Railway under bridge at Kambivelikkakam (Thiruvamkulam Panchayat) in Ernakulam Dt. in Trivandrum Division in Kerala on Ernakulam – Kottayam Rail route.

The above points may kindly be favorably considered and proper declarations be made by Hon'ble Railway Minister in his reply speech.

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क (मुरादाबाद):मोहतरम सभापति जी, मैं सबसे पहले रेलवे मिनिस्टर माननीय लालू प्रसाद जी को मुबारकबाद देना चाहता हूं कि उन्होंने अपने इन तीन साल के पीरियड में रेलवे डिपार्टमेंट को जो फायदा पहुंचाया है, इतना शानदार काम किया है कि इससे पहले कोई रेल मंत्री इस तरीके से नहीं कर पाया। रेलवे के जरिए मुल्क को 20,000 करोड़ रुपए की आमदनी हुई है, यह हकीकत में लालू जी की मेहनत, राज्य मंत्रियों और रेलवे विभाग के कर्मचारियों के लिए काबिले मुबारकबाद है।

जिस तरीके से लालू जी की रेल चली है, अगर सारे मुल्क की रेल इसी तरीके से चल पड़े तो मैं समझता हूं मुल्क कहीं से कहीं पहुंच सकता है। आज मुल्क के अंदर ज्यादा से ज्यादा मेहनत और कुर्बानी की जरूरत है। लिहाजा मैं इस मौके पर इतना अर्ज करना चाहता हूं कि अभी भी कई रेलवे स्टेशंस और जंक्शंस के ऐसे प्लेटफार्म्स मौजूद हैं, जिन पर टीन शेड नहीं है इसलिए उनके अपग्रेडेशन की जरूरत है।

जहां तक जिला मुरादाबाद जंक्शन का ताल्लुक है, वह न सिर्फ रेलवे जंक्शन है, बल्कि डिवीजन भी है। डिवीजन होने के बावजूद मुरादाबाद स्टेशन का अभी तक अपग्रेडेशन नहीं हुआ है। वहां पर बहुत सी कमियां हैं। प्लेटफार्म्स कम हैं, कई प्लेटफार्म्स पर लोगों के आराम के लिए, जाड़े, बरसात या गर्मी के मौसम में कोई साया नहीं है, जिसकी वजह से लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए मेरी रेल मंत्री जी से मांग है कि मुरादाबाद डिवीजन के इस जंक्शन को अपग्रेड कराएं और इस डिवीजन में जितने भी अन्य स्टेशंस आते हैं शाहजहाँपुर तक, उनका भी अपग्रेडेशन होना चाहिए।

मैं खास तौर से यह गुजारिश करना चाहता हूं कि मैंने सन् 1997-1998 में सम्भल वाया हसनपुर-गजरौला तक रेल लाइन बनाने की मांग की थी। पिछले साल भी मैंने इस मसले को रेल बजट पर हुई बहस के समय उठाया था,जिस पर रेल मंत्री जी का मुझे जवाब मिला कि इस लाइन को बनाने के लिए 104 करोड़ रुपए का खर्चा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह खतरा है कि आमदनी शायद कम होगी। इस कारण लगता है उन्होंने इसे बनाने से एक तरह से इनकार कर दिया। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या सब काम आमदनी के लिए ही किए जाते हैं?[R67]

मुल्क के अंदर ऐसे इलाके भी होते हैं जहां जन-सुविधाओं की कमी को पूरा करना पड़ता है। संभल जिला मुरादाबाद एक तारीखी हैसियत रखता है जो राजधानी भी रह चुका है और जो मुगल काल में सूबा भी रह चुका है लेकिन आज वह तहसील है। इसी तरीके से हसनपुर एक तहसील है, वहां पर रेलवे लाइन ने मुंह नहीं देखा है। मैं चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र के लोग जोकि बहुत परेशान हैं और बार-बार हमने इस मसले को सदन के अंदर उठाया है लेकिन माननीय रेलवे मिनिस्टर ने आज तक इस मसले पर तवज्जोह नहीं दी। यह कहकर कि इस पर खर्चा ज्यादा होगा, रेल लाइन बनाने से इंकार कर दिया। इसलिए मेरी पुरजोर मांग है कि हर कीमत पर संभल से वाया हसनपुर, गजरौला को जोड़ दिया जाए, जिससे कि हमारे शहर की तरक्की हो सके। हसनपुर और जो दूसरी तहसील है, उसकी तरक्की हो सके। लाखों लोगों को आराम मिल सके। मैं पहले भी माननीय मंत्री जी से मांग कर चुका हूं और आज पुरजोर अपील कर रहा हूं कि संभल को इस लाइन से महरूम न किया जाए। अगर इस तरीके से महरूम किया गया तो यह बहुत बड़ी नाइंसाफी होगी और हमारे साथ बहुत बड़ा

अन्याय होगा। इसलिए मैं चाहता हूं कि जिस तरीके से दूसरे इलाकों के अंदर आप करोड़ों रुपया खर्च कर रहे हैं, लाइनें बना रहे हैं, ट्रेनें चला रहे हैं, हमें उस पर कोई एतराज नहीं है। लेकिन हमारे इलाके के अंदर भी रेलवे लाइन बननी चाहिए। आज सिर्फ ब्रांच लाइन संभल तक है और वह भी रुकी हुई है। आज वह लाइन भी वर्किंग आर्डर में नहीं है। इस सदन और सभापति जी के जरिये ,से मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि वह इस लाइन को बनाएगी या नहीं बनाएगी। अगर ऐसा नहीं हुआ तो मैं इसी सदन के अंदर बैठकर धरना दूंगा और इस बात की मांग करुंगा कि संभल वाया हसनपुर-गजरौला तक लाइन नहीं बनाई गयी तो मैं अपने क्षेत्र के लोगों को क्या जवाब दूंगा। मैं चाहता हूं कि हर कीमत पर यह लाइन संभल वाया हसनपुर-गजरौला तक बनाई जाए, जिससे हम लोगों को दिल्ली तक जाने में आसानी हो सके। अगर ऐसा नहीं होता है तो यह हमारे साथ बहुत बड़ी बेइंसाफी होगी। हम माननीय लालू जी का ऐतराम करते हैं, इज्जत करते हैं। उन्होंने इस वक्त जो भी करिश्मा दिखाया है, जो कुछ काम किया है वह काबिले-तारीफ है। दूसरे लोगों को भी उनसे सबक लेना चाहिए। मैं केवल इतना ही कह सकता हूं कि मोहतरम लालू जी से मेरे पास जो जवाब आयेगा, यकीनन उसमें यह लिखा होगा कि सम्भल से गजरौला तक रेलवे लाइन बनाई जाएगी।

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : माननीय सभापति जी, भारतीय रेल को विश्व में पहले नम्बर पर पहुंचाने का सपना लिए, दिल पर बड़ी कारीगरी से नाम लिखने में माहिर दरिया दिल सौदागर और भारतीय जनमानस में रचे-बसे रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद यादव के बजअ की प्र ाशंसा शब्दों में पिरो पाना असंभव सा काम है।

प्रशंसा और मुंह पर प्रशंसा चाटूकारिता की श्रेणी में आती हे मगर करोड़ों देशवासियों की मूल भावना को सदन के समक्ष न रख पाना भी कृत्धन्ता होगी। भारी शोरगुल के बीच करोड़ों देशवासियों ने रेल बजट का सीधा प्रसारण देख रही जनता सिर्फ एक ही सुर में वाह वाह कर रही थी और हर जुबान पर एक ही जुमला है - **लालू जी दा जवाब नहीं।**

गत तीन वर्षों में लगातार बढ़ा हुआ लाभंश 20 हजार करोड़ पर पहुंच गया। डीजल, पेट्रोल, कोयले की बढ़ती कीमतों के बावजूद किराया बढ़ाना तो दूर सभी श्रेणियों में किराया घटा कर जनता को जबरदस्त राहत दी है।

मैं प्रत्यक्षदर्शी रहा हूं जयपुर से पीपावा के लिए डबल स्लेड कंटेनर ट्रेन के उदघाटन समारोह का और प्रतीक्षा है तीन मंजिले कंटेनर ट्रेन के शुभारंभ का जिसके लिए इस बजट में लालूजी ने घोाणा की है।

र्वा 2007 को स्वच्छता र्वा के रूप में मनाने के संकल्प के साथ भारी सुविधाओं में सुधार लाने के प्रयास निरंतर बढ़ रहे हैं। अनारक्षित सैंकड क्लाश में गद्दे कुशन सीटों का प्रावधान कर आपने आम आदमी की तकलीफ का निवारण किया है। साधरण श्रेणी के अतिरिक्त डिब्बे सभी गाड़ियों में लगाकर आम जनता को राहत दी है। विक्लांगों के लिए अलग से कोच वरिठ नागरिकों एवं महिलाओं को निचली बर्थ में अधिक सीटें आबंटन के प्रावधान की सर्वत्र प्रशंसा हुई है।

आपने जहां कामगार व किसानों के लिए पूर्व में कुल्हड़ व खादी के प्रयोग व रेलवे स्टेशनों पर दूध,छाछ, लस्सी के बिक्री केन्द्र खोलकर ग्रामीण रोजगार के नये आयाम स्थापित किये थे। आज दूध के डिब्बे, फल सब्जी के खुदरा विक्रेताओं के लिए अलग से वेंडर्स कोच लगाने का निर्णय ग्रामीण दूध उत्पादकों एवं काश्तकारों को बहुत बड़ी राहत देगा।

अब मैं अपने क्षेत्र से जुड़ी कुछ समस्याओं का ध्यान आकर्ति करना चाहूंगा व कुछ मांगें मंत्री से से करूंगा।

---

*The speech was laid on the Table.

मैं बहुत अर्से से रिवाड़ी से भिवाड़ी तक नयी रेल लाइन डालने के लिए विनती करता आया हूं। भिवाड1 राजस्थान का द्रूतगति से प्रगति करती हुई औद्योगिक नगरी है जहां लगभग 1500 औद्योगिक इकाइयां कार्यरत हैं तथा इनलैंड कंटेनर डिपो भी हैं।

मेरे क्षेत्र के राजगढ़ स्टेशन पर आश्रम एक्सप्रेस व बरेली न्यू भूज ट्रेन के ठहराव की महती आवश्यकता है। मेरी प्रार्थनाहै कि एक बार प्रयोग के तौर से ही इन गाड़ियों का ठहराव देने की कृपा करें। 15 फरवरी से दिल्ली-जैसलमेर इंटरसिटी के हरसौली स्टेशन से ठहराव को बंद किये जाने से उस क्षेत्र की ग्रामीण जनता को बहुत असुविधा हुई है। कृपयया यह ठहराव पुनः सुनिश्चित किया जाये।

रिवाड़ी से अलवर होते हुए जयपुर मार्ग का दोहरीकरण शीघ्र गति से किया जाये। इस बजट में अलवर से हरसौली तक के दोहरी करण को स्वीकृति दी गई। उसके लिए धन्यवाद। शेा बचे मार्ग को भी शीघ्र दोहरीकृत किया जाये1

मेरे क्षेत्र की बहुत बड़ी कृाि मंडी खैरथल में कम्प्यूटरराईज्ड आरक्षण केन्द्र व खैरथल के फाटक संख्या 93 से 200 मीटर उत्तर दिशा में अंडर ब्रिज फुट ओवर ब्रिज की मांग पुरानी है। मेरी प्रार्थना है कि इस बजट में इन कार्यो के लिए स्वीकृति दी जाये।

दिल्ली अहमदाबाद राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव अलवर में किया जाये।

अलवर में रेल कोच की धुलाई व रख रखाव के लिए पिट लाइन बनायी जाये।

अलवर राट्रीय राजधानी क्षेत्र में विकास की संभावनाओं वाला शहर है, अतः दिल्ली-जयपुर के बीच डी एम यू चलाई जाये।

एक गरीब रथ ट्रेन दिल्ली से जयपुर अलावा होते हुए चलाई जाये।

1996-97 में रेल मंत्रालय द्वारा शिवाजी पार्क अलवर में फलेग स्टेशन स्थापित किये जाने का निश्चय लिया गया था। आज भी शिवाजी पार्क के पास अतिरिक्त रेल लाईन पड़ी हुई है। यदि शिवाजी पार्क में फलेग स्टेशन बना दिया जाता है। तो अलवर की आधा से ज्यादा आबादी जो कि शिवाजी पार्क और आसपास के क्षेत्र में रहती है। उनके लिए सुविधाजनक होगा। अलवर से नजदीकी स्टेशन की दूरी करीब 14 मिनट की है यदि शिवाजी पार्क पर फलेग स्टेशन बना दिया जाता है तो यह दूरी मात्र 7 मिनट हो जायेगी। जो कि रेल संचालन में सुविधा के साथ साथ रेलवे को आर्थिक रूप से भी फायदे मंद होगी।

लखनऊ से मथुरा के बीच चलने वाली 4201-4202 एक्सप्रेस ट्रेन को वाया अलवर रेवाड़ी चलायी जाये। वर्तमान में अलवर मथुरा के बीच केवल पैंसेजर ट्रेन चल रही है। लखनऊ मथुरा रेवाड़ी तक चलाने से अलवर व हरियाणा के यात्रियों को आगरा, कानुपर व लखनऊ जाने के लिए सीधी सुविधा मिल सकेगी।

मेरे अपने जिला मुख्यालय स्टेशन अलवर का चेहरा दिनों दिन बदल रहा है और आज अलवर अत्याधुनिक सुविधाओं वाले साफ सुथरे स्टेशन के रूप में विकसित हो रहा है। अलवर राजस्थान का सिंहद्वार है तथा सरिस्का वन अभ्यारण्य के अलावा दर्जनों पर्यटन स्थलों वाले इस जिले में रेल यातायात बढ़ाने की महती जरूरत है। बहुत सी दूरगामी ट्रेनें जयपुर मथुरा व रिवाड़ी तक आकर रूक जाती है। इन रेल गाड़ियों को अलवर तक बिना अतिरिक्त खर्च के बढाया जा सकता है। मैं कुछ ट्रेनों की लिस्ट नीचे अंकित कर रहा हूं जिन्हें अलवर-जयपुर-रिवाड़ी तक बढ़ाया जाये।

1. जयपुर से मुम्बई सुपर फास्ट 2956 जयपुर से रवानगी 14.10 बजे, यह ट्रेन जयपुर एक दिन पहले 12.55 आती है।

2. जयपुर मैसूर एक्सप्रेस 9776 (सोमवार व बुधवार)- पहुंच 06.20 बजे रवानगी 19.40 बजे, इसी तरह मैसूर से जयपुर गुरूवार एवं शनिवार रवाना होती है।

3. जयपुर-चैन्नई 2968 (शुक्रवार व रविवार)- पहुंच 06.20 बजे रवानगी 19.40 बजे जयपुर से रविवार व शुक्रवार को चलती है।

4. जयपुर इन्दौर सुपर फास्ट 2974 (मंगलवार व गुरूवार)- पहुंच 08.30 बजे रवानगी 21.15 बजे। इन्दौर से 2973 बुधवार व शुक्रवार रवाना होती है।

5. जयपुर एरर्णाकुलम मरूसागर 2978 (शुक्रवार)- पहुंच 14.05 रवानगी 22.05

6. दिल्ली से रेवाडी 7 आर डी यह ट्रेन रेवाडी 21 बजे आती है तथा दिल्ली के लिए दूसरे दिन सुबह 06.30 बजे रवाना होती है। अतः अलवर/बांदी कुई तक बढ़ाई जा सकती है।

7. आर एक्स हिसार से रेवाडी पहुंच 10.15 बजे रवानगी 17.30 बजे यह ट्रेन अलवर तक बढाई जा सकती है।

8. 9 आर डी दिल्ली रेवाड़ी पहुंच 22.30 बजे रवानगी दूसरे दिन सुबह 7.50

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : महोदय, मैं रेल बजट का समर्थन करता हूं। रेल बजट में किराया नहीं बढ़ाया गया है। इससे आम जनता को लाभ पहुंचा है। इस रेल बजट में किसी भी प्रकार का कर नहीं लगाया गया है। रेल बजट में राजस्थान खासकर पश्चिमी राजस्थान की तरफ बहुत ही कम ध्यान दिया गया है। मेरे लोकसभा क्षेत्र जोधपुर से चैन्नेई, बंगलौर, हैदराबाद, सिकंदराबाद, पुरी आदि जगह साप्ताहिक ट्रेनें चलती हैं। इन ट्रेनों की बुकिंग शुरू होते ही एक घंटे के अंर-अंदर " नो रूम " हो जाता है, जिससे आम आदमी को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। मैं मंत्री महोदय से मांग करता हूं कि जोधपुर से चैन्नेई, जोधपुर से बंगलौर, जोधपुर से हैदराबाद, जोधपुर से सिकंदराबाद, जोधपुर से पुरी की ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाएं। उपरोक्त साप्ताहिक ट्रेनों को सप्ताह में दो या तीन बार चलाने का आदेश प्रदान करें। जोधपुर से हरिद्वार की ट्रेनों को भी बढ़ाया जाए तथा जोधपुर से मुम्बई की ट्रेनों की संख्या भी बढ़ाई जाए।

महोदय, जोधपुर के लोग दक्षिणी भारत में ज्यादा रहते हैं। ट्रेनों के फेरे बढ़ने से आम जनता को ज्यादा फायदा होगा। मेरे खयाल से देश में ऐसी बहुत ही कम ट्रेनें हैं, जिनकी बुकिंग शुरू होने के एक घंटे बाद ही " नो रूम " हो जाए। जोधपुर से पूना के बीच नई ट्रेन चालू करने की काफी लम्बे समय से मांग की जा रही है। देश के उपराट्रपति महोदय ने पूना और जोधपुर के बीच नई ट्रेन चलाने के लिए कहा था। अतः महोदय जोधपुर पूना के बीच नई ट्रेन चलाई जाए, जिससे आम जनता को फायदा हो सके। जोधपुर से मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के बीच कोई ट्रेन नहीं है। मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में राजस्थान के बहुत ही ज्यादा लोग हैं। अतः महोदय मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के बीच नई ट्रेनें चलाने की कृपा करें।

महोदय, मुम्बई से जैसलमेर तक कोई ट्रेन नहीं है। हजारों पर्यटक इस वजह से परेशान रहते हैं। मुम्बई एवं जैसलमेर के बीच नई ट्रेन चलाई जाए। जयपुर एवं जोधपुर के बीच दिन में कोई ट्रेन नहीं है। आम जनता इससे परेशान रहती है। इस कारण जोधपुर एवं जयपुर के बीच दिन में नई ट्रेन चलाने का आदेश देकर अनुगृहित करें। जोधपुर से द्वारका के बीच कोई ट्रेन नहीं है। हजारों लोग द्वारका जाते हैं, वे लोग जगह-जगह ट्रेन बदलते हैं। पश्चिमी राजस्थान खासतौर से जोधपुर के लोगों की भावना है कि जोधपुर एवं द्वारका के बीच एक नई ट्रेन चलाई जाए ताकि लोग आस्था के केंद्र द्वारका जा सकें। जयपुर के फुलेरा से जोधपुर तक आटो सिगनल प्रणाली का कार्य अधुरा पड़ा है, जिससे एक-डेढ़ घंटा ज्यादा लगता है। कृपया फुलेरा से जोधपुर तक आटोसिगनल प्रणाल शीघ्र ही लागू की जाए तथा उसका कार्य अतिशीघ्र ही पूरा कराया जाए। पश्चिमी राजस्थान में मानव रहित बहुत से फाटक थे, लेकिन गेज परिवर्तन (आयाम

---

*The speech was laid on the Table.

परिवर्तन) के बाद उन फाटकों को बंद कर दिया गया है। इससे गांव में रहने वाले लोगों को बहुत ही समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मानव रहित फाटक बंद होने से लोगों को 50-100 किलोमीटर घुम कर जाना पउता है। जबकि पश्चिमी राजस्थान में ट्रेने बहुत ही कम चलती

हैं। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि आमान परिवर्तन के समय बंद की गई फाटक खोली जाएं। पश्चिमी राजस्थान में कई रेल मार्गों का सर्वे हो चुका है जैसे बिलाग से बर, नागौर से फलौदी, फलौदी से बाडमेर सांचौर व काडला तक, लेकिन बजट में इन रेल मार्गों को शुरू करने के बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि पश्चिमी राजस्थान के जिन रेल मार्गों का सर्वे हो गया है, उन पर शीघ्र कार्य शुरू किया जाए।

महोदय, मैंने कई बार बीटीसी किए हुए लड़कों को रेलवे में नौकरी पर लगाने का निवेदन किया था, लेकिन अभी तक उन बच्चों को नौकरी पर नहीं लगाया गया है। जोधपुर रेलवे स्टेशन के द्वितीय गेट के पथ मार्ग को बनाया जाए ताकि द्वितीय गेट पर ज्यादा से ज्यादा लोग आ सकें।

महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि मेरी उपरोक्त मांगों को पूरा करके अनुगृहित करें।

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : महोदय, मैं सबसे पहले आपका धन्यवाद करता हूं कि र्वा 2007-08 के रेल बजट के लिए हो रही चर्चा में मुझे भाग लेने का अवसर प्रदान किया है। मैं पिछले काफी समय से सदन में बैठ कर माननीय सदस्यों द्वारा रेल बजट के पक्ष और विपक्ष में जो बातें कही जा रही थीं, उन्हें सुन रहा था। मुझे ताज्जुब हो रहा है कि पिछले चार बार से श्री लालू प्रसाद जी भारत के रेल बजट को प्रस्तुत कर रहे हैं और चमत्कार कहां दिख रहा है, चमत्कार कहां हो रहा है, मुझे स्वयं उनके पक्ष में बोलने वाले माननीय सदस्यों पर आश्चर्य हो रहा था। मैं इस बात को दावे के साथ कह सकता हूं कि श्री लालू जी के रेल मंत्री बनने के बाद से भारतीय रेल ने आज अपनी समय सारणी से चलना बंद कर दिया है। माननीय लालू जी के बिहारीकरण के नक्शेकदम पर चल कर रेल का नुकसान होना प्रारंभ हो गया है। मुझे याद है र्वा 2003-04 में हम लोगों ने भारतीय रेल की 150वीं र्वागांठ मनाई थी और उस समय चर्चा हुई थी कि इन 150 र्वों में भारतीय रेल ने तमाम उतार-चढ़ाव देखे हैं। अगर 150 र्वों में भारतीय रेल भारत की जनता के विश्वास का पर्याय बनी रही है तो उसके बहुत से कारण थे, जैसे रेल का किराया काफी कम था और पूरे देश के अंदर रेल का जाल बिछा हुआ था। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम सम्पूर्ण राट्र में समतामूलक समाज की स्थापना करके एकता और अखंडता के सूत्र में जोड़ने के साथ-साथ केवल व्यावसायिक दृटि से ही नहीं बल्कि सामाजिक सरोकार से भी इसका संबंध होने के कारण आम जनमानस इससे लाभांवित होता रहा है। लेकिन पिछले कुछ समय से भारतीय रेल जो भारत के यातायात की जीवन रेखा कही जाती थी, वह जिन चुनौतियों से जूझ रही है, सुरक्षा और संरक्षा का मुद्दा हमारे सामने, पूरे देश के सामने चुनौती के रूप में है, उसके बारे में रेल बजट में कोई घोाणा नहीं की गई है। केवल कागजी घोाणाओं के अलावा कुछ भी नहीं किया गया है।

महोदय, पिछले महीने समझौता एक्सप्रेस में बम विस्फोट हुआ और अनेक निर्दोा नागरिक मारे गए। उससे पहले मुम्बई महानगर में भी इसी प्रकार का विस्फोट हुआ था। पिछले र्वा जौनपुर, उत्तर प्रदेश में श्रमजीवी एक्सप्रेस में बम विस्फोट हुआ था। दर्जनों नागरिक गम्भीर रूप से घायल हुए थे। बम विस्फोट की घटनाओं को हम लोग हल्केपन से ले लेते हैं। माननीय रेल मंत्री का वक्तव आया और उन्होंने रेल बजट में चर्चा करते हुए कहा है कि हम डॉग सक्वायड बढ़ाकर इसकी सुरक्षा करेंगे। जब भी हम इस प्रकार की आतंकी घटनाओं की उपेक्षा करेंगे तो इससे आतंकवादियों का उत्साह बढ़ेगा तथा सुरक्षाबलों के जवानों का मनोबल गिरेगा। मैं समझता हूं कि सुरक्षा की दृटि भारत की यातायात की लाइफलाइन को तोड़ने का ही हम कार्य कर रहे हैं। सुरक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दे पर बजट में कहीं कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

दूसरा, संरक्षा का मुद्दा है। इस पर बराबर सदन में चर्चा होती रही है। एनडीए की सरकार के समय भी 17 हजार करोड़ रूपये की लागत से संरक्षा निधि का निर्माण किया गया था। उस समय तय हुआ था कि रेलवे ट्रैक का आधुनीकीकरण इसके माध्यम से किया जाएगा, जर्जर पुलों की मरम्मत की जाएगी, सिग्नल सिस्टमों का आधुनीकीकरण किया जाएगा और रेलवे लेवल क्रासिंग के इंटर लॉकिंग सिस्टम को दुरूस्त किया जाएगा।[R68]

20.00 hrs.

लेकिन हम सबको दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि इन सब पर कार्यों की ओर न तो मंत्रालय का ध्यान है और न ही ईमानदारी से पहल की जा रही है। राजनीतिक घोाणाओं और हितों के लिए राजनीतिक विद्वेा की भावनाओं से रेल बजट में जो घोाणाएं हो रही हैं, उससे किसी का हित नहीं होने वाला है। क्योंकि राजनीति घोाणाओं के तहत अब तक देश में चालू परियोजनाएं पेंडिंग पड़ी हुई हैं, उनकी लागत दो लाख करोड़ रुपए से ऊपर है। मैं समझता हूं कि इस प्रकार की घोाणाओं से न तो देश का हित होने वाला है और न ही रेल का हित होने वाला है। मैं कहना चाहता हूं कि माननीय रेल मंत्री द्वारा जो रेल बजट प्रस्तुत किया गया है, वह दिशाहीन है, देश की जनता को स्वप्न दिखाने के अतिरिक्त कुछ नहीं है। जनहित से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण परियोजनाएं जो राजस्व की दृटि से महत्वपूर्ण हो सकती थीं, सामरिक दृटि से महत्वपूर्ण हो सकती थीं, इस रेल बजट में उनकी अनदेखी की गई है। रेल बजट पिछले राजनीतिक पूर्वाग्रह की भावनाओं से प्रेरित है। यह न तो भारतीय रेल का हित कर पाएगा और न ही देश के हित में है।

माननीय रेल मंत्री जी ने कहा है कि हम भारतीय रेल को विश्वस्तरीय बनाएंगे। मुझे आश्चर्य होता है कि राजनीतिक द्वेा की भा वना से जब क्षेत्रीय असंतुलन की स्थिति किसी बजट में होगी और किसी एक विशेा क्षेत्र में काफी प्रगति होगी और दूसरा क्षेत्र नगण्य हो जाएगा तो विश्वस्तरीय सेवा कैसे प्रदान कर पाएंगे? सुरक्षा और संरक्षा की चुनौतियों से जो पहले ही जूझ रहा हो, उसे विश्वस्तरीय सेवा कैसे दे पाएंगे? यह बहुत बड़ा प्रश्न है। भारतीय रेल में वसूली का सबसे बड़ा माध्यम माल भाड़ा है, अतिरिक्त गाड़ियों की घोाणाएं होती जा रही हैं लेकिन माल भाड़ा, जो राजस्व का सबसे बड़ा साधन है, रेल बजट में इसके बारे में कोई स्पट घोाणा और स्पट दिशा निर्देश नहीं है।

रेलवे की पार्सल सेवा, जो माल भाड़ा और राजस्व वसूली का एक साधन हो सकता था, वह जनमानस की दृटि से अच्छी और सुरक्षित नहीं मानी जा रही है। इसके अतिरिक्त वर्ा 2005-06 के रेल बजट में माननीय मंत्री जी ने रेल भूमि विकास प्राधिकरण की घोाणा की थी, एक अच्छी घोाणा उस समय की थी। हम लोग इस बात की मांग करते रहे थे। रेल भूमि विकास प्राधिकरण से संबंधित मामलों के बारे में हमने पहले भी मांग की थी कि रेलवे की फालतू जमीनें, जो भू-माफियाओं के कब्जे में है, जो फालतू पड़ी हुई हैं। अगर उन सबका व्या वसायिक उपयोग किया जाए तो इससे ठेला, खोमचा लगाने वाले और पटरी लगाने वाले व्यावसायियों को रोजगार मिलेगा, रेलवे का राजस्व बढ़ेगा और अवैध रूप से जो कब्जा किया, उसे भी मुक्त करा पाएंगे। इस संबंध में मैंने एक प्रस्ताव गोरखपुर नगर निगम की तरफ से रेल मंत्रालय को दिया था। लेकिन बहुत दुख की बात है कि अब तक रेल मंत्रालय ने उस पर कोई कार्यवाही नहीं की है। मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करूंगा की इस पर पहल करके उन सब बातों को ध्यान में रखें, पटरी व्यावसायियों के हितों को ध्यान में रखें और अन्य मुद्दों का ध्यान में रखें ताकि फालतू जमीनों का उपयोग सही रूप में हो, व्यावसायिक हितों में हो। रेलवे का राजस्व बढ़ाने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण हो सकता है।

माननीय रेल मंत्री जी ने घोाणा की थी कि रेलवे को माफियाओं और अपराधियों से मुक्त करके रेल के विकास कार्यों की गुण वत्ता बनाए रखेंगे लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कल लखनऊ में रेलवे के टेंडर के दौरान एक पार्षद की हत्या हुई है। आखिर यह क्या साबित करता है? आज भी रेलवे में माफिया और अपराधी तत्व हावी हैं, यह इस बात को साबित करता है।

मैंने माननीय मंत्री जी को एक और बात लिखी थी। मेरे अनुरोध पर गोरखपुर में एनडीए सरकार के समय वर्ा 2003-04 में एक नया स्टेशन डोमिनगढ़ बना था। इसके बनने के बाद पहली बरसात में पूरा का पूरा स्टेशन ढह गया। मैंने पिछले बजट भााण में इस बात की चर्चा की थी कि डोमिनगढ़ नया स्टेशन बनने के बाद ध्वस्त हो गया, इसमें संबंधित लोगों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। वहां जिन लोगों ने कार्य किया था, गुणवत्ता विहीन कार्य किया था, वहां घटिया निर्माण कार्य हुआ था। उन लोगों के खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है और वह स्टेशन टूटा हुआ वैसे का वैसे पड़ा हुआ है। मैं इस ओर भी माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं।[r69]

सभापति महोदय, इसके अतिरिक्त जो अन्य बातें हैं, उसमें मैंने पहले भी कहा कि कोई भी ट्रेन समय से नहीं जा रही है। तीन से पांच घंटे तक ट्रेनें लेट हो रही है। इस संबंध में मेरे दो प्रस्ताव हैं। प्रथम यह है कि प्रत्येक यात्री, जो रेल से यात्रा करे, अगर उसने टिकट लिया है और उसे बर्थ उपलब्ध कराने का रेलवे ने आश्वासन दिया है तो उसे सीट उपलब्ध कराई जाए।

सभापति महोदय : यदि लम्बा भााण है तो आप इसे ले कर दें।

योगी आदित्यनाथ : मेरा लम्बा भााण नहीं है, केवल दो-तीन मिनट में खत्म कर दूंगा। मैं कह रहा था कि उचित किराये पर उसे सीट उ पलब्ध कराई जाए। अगर यात्री को सीट उपलब्ध नहीं कराई जा रही है तो उसी सुविधा के अनुपात में किराये में कटौती हो। दूसरी बात यह है

कि अगर ट्रेन यात्रियों को समय पर उनके गंतव्य तक नहीं पहुंचाती है तो उसी अनुपात में किराये में भी कृपया कटौती कर दी जाए। मेरे ये दो प्रस्ताव हैं। इसके अतिरिक्त मैं कहना चाहता हूं कि गोरखपुर पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय है। पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय होने के कारण मैं माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं और उन्हें इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं कि चार वर्ों में पहली बार माननीय मंत्री जी ने गोरखपुर की कुछ योजनाओं को इस रेल बजट में समाहित किया है। किन कारणों से किया है, मैं नहीं समझ पाया, लेकिन मैं उन्हें इसके लिए कम से कम धन्यवाद अवश्य देना चाहूंगा। मैं समझता हूं कि यह उनकी मजबूरी भी थी, क्योंकि बिहार जाने के लिए गोरखपुर से ही होकर उन्हें जाना पड़ेगा। उसी बहाने उन्होंने बाराबंकी, गोरखपुरा और छपरा की जो रेलवे लाइन हैं, उसके विद्युतीकरण की घोाणा की। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि विद्युतीकरण के साथ-साथ उस रेलवे लाइन के दोहरीकरण का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए, तभी बिहार का विकास हो पायेगा। इसके अतिरिक्त पिछली बार रेल बजट में और उसके बाद जो सप्लीमैन्टरी डिमांड सदन में प्र ास्तुत होती हैं, उसमें गोरखपुर के अंदर चार स्थानों पर मैंने रेलवे ओवरब्रिज रेलवे लाइन पर बनाने की मांग की थी। प्रथम एन.एच.-28 के कोड़ाघाट पर, दूसरा चार फाटक पर, तीसरा हुमायूंपुर रेलवे क्रासिंग पर और चौथा सूरजकुंड रेलवे क्रांसिंग पर हैं। यद्यपि तीन स्थानों पर रेल मंत्रालय ने ओवरब्रिज की स्वीकृति प्रदान की है और टोकन मनी भी उसके लिए अलॉट किया है। मैं अनुरोध करना चाहूंगा कि रेलवे अपने हिस्से की पूरी धनराशि उसके लिए उपलब्ध करवाये और राट्रीय राजमार्ग-28 पर कोड़ाघाट में जो रेलवे ओवरब्रिज का प्रस्ताव भेजा गया है, उसे भी कृपया प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करके यातायात की भीाण समस्या का समाधान करे। पूर्वोत्तर रेलवे से जुड़े मेरे कुछ प्रस्ताव हैं। राट्रीय सुरक्षा की दृटि से भारत और नेपाल की सीमावर्ती क्षेत्र से जो गोरखपुर-नौतनवा-गोंडा लूप लाइन जा रही है। यह भारत और नेपाल की सीमा से जुड़ती है। यह सामरिक दृटि से महत्वपूर्ण लूप लाइन है। इसके आमान परिवर्तन का कार्य वर्ा 2002-2003 से प्रारम्भ हुआ था, जो अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। सामरिक दृटि से महत्वपूर्ण इस आमान परिवर्तन के कार्य को अविलम्ब पूरा किया जाए। आनंदनगर से जनपद महाराजगंज मुख्यालय होते हुए घुगली तक रेलवे लाइन का निर्माण और घुगली स्टेशन का उच्चीकरण किया जाए। गोरखपुर से बांसगांव दोरीघाट को रेलवे लाइन से जोड़ा जाए। गोरखपुर के नकाता कैन्ट स्टेशनों का उच्चीकरण किया जाए। डोमिनगढ़ स्टेशन पर महत्वपूर्ण एक्सप्रैस गाड़ियों का ठहराव किया जाए।

मैं अंत में कहना चाहता हूं कि गोरखपुर से अयोध्या होते हुए लखनऊ और इलाहाबाद के लिए रेल सेवा प्रारंभ की जाए। इन शब्दों के साथ मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आपने इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को यहां रखने की अनुमति दी। आपके प्रति मैं हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए माननीय रेल राज्य मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि इन सब प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करते हुए, इन्हें स्वीकृति प्रदान करते हुए विकास के क्षेत्रीय असंतुलन को कृपया दूर करना का प्रयास करें।

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नारनभाई रठवा) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्यों को बताना चाहूंगा कि एम. पीज. के लिए डिनर का इंतजाम रूम नम्बर 70, फर्स्ट फ्लोर में किया गया है औरपार्लियामैन्टरी स्टाफ के लिए रूम नम्बर 74 में किया गया है।

सभापति महोदय : आपको धन्यवाद। यहां तो अच्छा खाना मिलेगा। श्री निखिल कुमार जी, आप बोलिये। आप चाहे तो स्पीच सदन के पटल पर भी रख सकते हैं। जो भी माननीय सदस्य चाहें, वे सदन के पटल पर अपना भााण रख सकते हैं।

श्री आत्मा सिंह गिल (सिरसा): महोदय, आपने रेल लेखानुदान की मांगों पर मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं रेल मंत्री, श्री लालू प्रसाद यादव जी का भी धन्यवाद करना चाहता हूं, क्योंकि उन्होंने रेल बजट पेश करते समय सभी गरीब लोगों का ध्यान रखा है तथा बहुत ही अच्छा बजट पेश किया है। इस बजट में हरियाणा के लिए किसी नई योजना का जिक्र नहीं किया गया है। मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सिरसा की रेलवे से संबंधित अनेक समस्याओं की ओर दिलाना चाहता हूं। सिरसा के राट्रीय राजमार्ग नं.10 रेल मार्ग पर रेल ओवर ब्रिज काफी समय पहले मंजूर हो चुका है, लेकिन अभी तक इसे बनाने के लिए कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। मौजूदा हालात में प्रतिदिन पंजाब, राजस्थान तथा दिल्ली हजारों वाहनों का आवागमन होता है। गंगानगर और फाजिल्का भारत-पाक बॉर्डर पर इसी राजमार्ग से सेना की गतिविधियां होती हैं तथा सिरसा में वायुसेना का बहुत बड़ा हवाई अड्डा भी है। देश की सुरक्षा की दृटि से भी इस राजमार्ग पर पुल के निर्माण की अति आवश्यकता है। इस रेल मार्ग पर अधिक रेल गाड़ियों के चलने के कारण अक्सर यह फाटक कई-कई घंटे बंद रहता है, जिससे यातायात व्यवस्था ठप हो जाती है, इसके कारण यात्रियों को परेशानी हो जाती है। कई बार आपात स्थिति में भी लोगों को कई घंटे फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। सिरसा राट्रीय राजमार्ग नं.10 पर रेल ओवर ब्रिज बनने से शहर में

यातायात की व्यवस्था सुचारू हो जाएगी तथा लोग अपने स्थान पर समय से पहुंच जायेंगे। कृपया इस पुल को शीघ्र से शीघ्र बनाने का कट करें।

टोहाना मेरे संसदीय क्षेत्र का एक बहुत बड़ा व्यावसायिक केन्द्र है। टोहाना तथा इसके आसपास के ग्रामीण अंचलों से लोग अपने रोजगार तथा अन्य दैनिक कार्यों के लिए दिल्ली तथा गंगानगर आवागमन करते रहते हैं। लेकिन गाड़ी की सुचारू व्यवस्था न होने के कारण इन्हें अत्यधिक परेशानी होती है। दिल्ली तथा गंगानगर के बीच चलने वाली इंटरसिटी का ठहराव टोहाना स्टेशन पर होने से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी तथा रेलवे के राजस्व में भी बढ़ौतरी होगी।

गाड़ी संख्या 4519/4520 किसान एक्सप्रैस गाड़ी का ठहराव डिंग स्टेशन पर नहीं है, जिसके कारण यात्रियों को दिल्ली-सिरसा आवागमन हेतु अत्यधिक परेशानी होती है। डिंग मंडी सिरसा जिले की सबसे पुरानी मंडी है तथा आसपास के लगभग 90 गांवों के लोगों का इस स्टेशन पर आवागमन होता है। इन गांवों के किसानों, मजदूरों, नौकरीपेशा लोगों तथा व्यापारियों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उक्त गाड़ी का ठहराव यहां करना अत्यधिक आवश्यक है। किसान एक्सप्रैस गाड़ी के डिंग मंडी स्टेशन पर

---

*The speech was laid on the Table.

ठहराव से जहां एक ओर यात्रियों को राहत मिलेगी, वहीं दूसरी ओर रेलवे के राजस्व की बढ़ौतरी भी होगी।

भट्टू कलां से जाखल जंक्शन तक वाया फतेहाबाद एवं रतिया नई रेल लाइन बिछाने की सरकार की योजना थी। रेल प्रशासन द्वारा सर्वेक्षण/सर्वे भी करा लिया गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

कालांवली रेलवे स्टेशन पर अमृतसर-जयपुर (9771/9772) एक्सप्रैस गाड़ी के ठहराव की आवश्यकता है। यह रेल बठिंडा से चलने के बाद सिरसा स्टेशन पर ही रुकती है। कालांवली स्टेशन के आसपास के लगभग 100 गांवों के लोगों को अमृतसर-जयपुर आवागमन के लिए सिरसा या बठिंडा से गाड़ी पकड़नी पड़ती है, जिससे यात्रियों के समय और धन दोनों का नुकसान होता है। अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र की मांगों का अति शीघ्र हल करने की कृपा करें।

इसी के साथ मैं अपनी बात यहीं समाप्त करता हूं।

